@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 8 जून 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 200 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## पार्टी नहीं छोड़ रहे, मीटिंग के लिए दिल्ली आऊंगा: अधीर रंजन चौधरी

कोलकाता, 7 जून। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की हार के बाद से अटकलें लगाई जा रही थी कि वे पार्टी छोड़ रहे हैं। लेकिन इसी बीच उन्होंने पार्टी मीटिंग में शामिल होने की बात कर इन सब अफवाहों को खत्म कर दिया। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुए। इनका परिणाम मंगलवार 4 जून को घोषित किया गया। पश्चिम बंगाल में चुनाव काफी रोचक रहा। चुनाव के लिए भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस और अन्य दलों ने जान लगा दी। पश्चिम बंगाल की बरहामपुर सीट से कांग्रेस ने अपने नेता अधीर रंजन चौधरी को मैदान में उतारा। वहीं भाजपा ने निर्मल कुमार साहा को मैदान में उतारा। वहीं टीएमसी ने पूर्व क्रिकेटर युसुफ पठान को प्रत्याशी घोषित किया। मंगलवार को जारी हुए नतीजों में युसुफ पठान बहरामपुर की सीट से विजयी रहे। उन्हें 524516 वोट मिले, वहीं अधीर रंजन चौधरी को 439494 वोट मिले। इसके बाद से ही अधीर रंजन चौधरी के पार्टी छोड़ने की चर्चा चल रही थी। इसी बीच उन्होंने बयान दिया था कि आने वाला समय मेरे लिए कठिन है। बृहस्पतिवार को अधीर रंजन चौधरी ने पार्टी छोड़ने की सारी अफवाहों को एक बार में ही खत्म कर दिया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझे बुलाया है। मैं कल कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में जा रहा हूं। दिल्ली में बैठे लोग मेरे बारे में अफवाह उड़ा रहे हैं, कि मैंने पार्टी छोड़ दी है। लेकिन यह बातें सिर्फ झूठ हैं, मैं कल बैठक में दिल्ली जाऊंगा, आपको मुझसे मिलना हो तो आप आ सकते हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 7 जून। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्रष्ठ) के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने नई सरकार का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अमृतकाल का पहला चुनाव है। मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उसके संकल्प पूरा करने के लिए हमारे पास स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने एनडीए को एक बार फिर सेवा का मौका दिया है, इसके लिए वे जनता का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 18वीं लोकसभा में भी उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशा-आकांक्षा को पूर्ण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। निवर्तमान प्रधानमंत्री ने कहा, एनडीए की बैठक में सभी घटक दलों ने मुझे नेता चुना है। सभी दलों ने राष्ट्रपति को समर्थन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मुझे न्योता



दिया और कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। मोदी ने बताया कि उन्होंने नौ जून की शाम को शपथ के बारे में सूचित कर दिया है। शपथ ग्रहण का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन से जारी किया जाएगा। मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत, दुनिया के लिए विश्वबंधु बनकर उभरा है। इसका सबसे ज्यादा फायदा अब मिलना शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आने वाले 5 साल वैश्विक माहौल में भी भारत के लिए बहुत उपयोगी होने वाले हैं। दुनिया अनेक संकटों, अनेक तनावों, आपदाओं से गुजर रही है...हम भारतीय सौभाग्यशाली हैं कि इतने बड़े संकटों के बावजूद भी, आज हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में जाने जाते हैं। विकास के लिए दुनिया में हमारी तारीफ भी हो रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद सभी गणमान्य जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं, एनडीए सरकार में हम अगले 10 साल में सुशासन, विकास, जीवन की गुणवत्ता और मेरा व्यक्तिगत सपना है। मैं लोकतंत्र की समृद्धि के बारे में सोचता हूं तो मानता हूं कि मध्यम वर्ग के जीवन में सरकार की दखल जितनी कम हो, उतना अच्छा है।

## राहुल गांधी का 'राजनीतिक शेयर' बहुत निचले स्तर पर

चेन्नई, 7 जून। तमिलनाडु में भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि उनका राजनीतिक शेयर बहुत निचले स्तर पर पहुंच गया है। वह लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारण सदमे में पहुंच गए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की लगातार निराशावादी राजनीति, झूठे प्रसार को जनता ने तीन लोकसभा चुनावों में खारिज कर दिया है। राहुल गांधी इस हार से पूरी तरह टूट गए हैं और सदमे में हैं। वह इस सच को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने जा रहे हैं। इस घोर निराशा के कारण उनकी यह हालत हो गई है। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी के शानदार नेतृत्व में हम एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था से विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। एक जून को एग्जिट पोल के बाद 3 जून को शेयर मार्केट 600 अंकों के बड़े गैपअप के साथ खुला। थोड़ी ही देर में रिकॉर्ड हाई 23,338.70 को छू लिया। लेकिन 4 जून को जब लोकसभा चुनाव का परिणाम आया तो शेयर मार्केट औंधे मुंह गिर गया। सेंसेक्स 6 हजार अंकों की गिरावट के साथ 70374 हजार के लेवल तक आ गया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडेक्स करीब 1947 अंक की भारी गिरावट के साथ फिसलकर 21,316 के लेवल पर पहुंच गया था. कोरोना काल के बाद ये बाजार की सबसे बड़ी गिरावट आ गई। जिसके बाद राहुल गांधी ने इसे शेयर मार्केट का सबसे बड़ा स्कैम बताते हुए जेपीसी जांच की मांग की थी।

# ईवीएम फिर गाली खाएगी, शायद गलत मुहूर्त में जन्म हुआ: मुख्य चुनाव आयुक्त

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 7 जून। ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, जो हर चुनाव में खासा चर्चा में रहती है। विपक्षी नेता इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। वहीं, चुनाव आयोग को बार-बार इसे लेकर सफाई देनी पड़ती है। अब लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। इसके साथ ही आचार संहिता भी हट गई है। इसी बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने ईवीएम को लेकर पूछे गए सवाल पर मुस्कुराते हुए कुछ ऐसा कह दिया, जिसका अब वीडियो वायरल हो रहा है। सीईसी कुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा, अब तो सबके सामने है। अब तो सबको पता है तो अब क्यों पीटना है। अब थोड़े दिन ईवीएम को आराम करने दिजिए। उसे अगले चुनाव तक आराम करने दीजिए। फिर बाहर आएगी, बैटरी बदलेंगे, पेपर बदलेंगे। फिर वो गाली खाएगी और फिर रिजल्ट अच्छे से बताएगी। शायद गलत मुहूर्त में उसका जन्म हुआ है। उन्होंने आगे कहा, पिछले 20-22 सालों से ईवीएम सही



नतीजे दिखाती आ रही है। वह बहुत भरोसेमंद है, वह हर प्रकार से तटस्त हो चुकी है और अपना काम करती है। इससे पहले भी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़े तमाम सवालों एवं दावों को खारिज करते हुए कहा था कि वोटिंग मशीनें शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है और अब तो अदालतें जुर्माना भी लगाने लगी हैं। बता दें, चुनाव आयोग ने हिंसा मुक्त रहे लोकसभा चुनाव को महात्मा गांधी को समर्पित किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के तहत भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति राष्ट्रपति को सौंपी। इस प्रति में 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं।


## मोदी को गुलदस्ता देकर योगी ने किया प्रणाम

नोएडा, 7 जून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान सभी दलों के नेताओं ने नरेद्र मोदी को अपना नेता चुना। इस बैठक में एनडीए के सभी घटक दलों के साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। बैठक के बाद मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों से भेंट की और सभी का अभिवादन किया। इन सबके बीच यूपी के मुख्यमंत्री ने जब मोदी को गुलदस्ता देकर प्रणाम किया तो उन्होंने योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। बता दें कि यह बैठक पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुई। दोनों के बीच हुई इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। चर्चा हो रही है कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन रहा उसके बाद इस तरह से मोदी और योगी की मिलना एक अलग ही संदेश दे रहा है। दोनों के बीच काफी गर्मजोशी दिखाई दी। बैठक बाद योगी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई! प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में एनडीए परिवार आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत के निर्माण और 140 करोड़ परिजनों की सेवा हेतु पूर्णतः संकल्पित है। भारत माता की जय! संसद भवन की पुरानी इमारत में स्थित संविधान कक्ष में राजग की बैठक की औपचारिक शुरुआत होने के बाद वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी सहयोगी दलों ने अनुमोदन किया।

## 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे चंद्रबाबू नायडू

**कौमी संवाददाता**

विशाखापत्तनम, 7 जून। तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तेदेपा के वरिष्ठ नेता के रघु राम कृष्ण राजू ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हुए, जिनमें तेदेपा ने जबरदस्त जीत हासिल की। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेदेपा एक बार फिर आंध्र प्रदेश की सत्ता में वापसी कर रही है। रघु राम कृष्ण राजू ने कहा, चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए



बड़ी खुशी का पल है, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे नेताओं चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण की तारीफ की। हमारे नेताओं ने भी प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान जताया। बेशक हमें केंद्र से काफी मदद की जरूरत होगी क्योंकि पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने राज्य को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह पूछे जाने पर कि क्या तेदेपा ने केंद्र की कैबिनेट में शामिल होने को लेकर क्या कोई विशेष मांग की है? इसके जवाब में तेदेपा नेता ने कहा कि मेरा इस पर टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमारे नेता उस तरह के लोग हैं, जो मांग करें। अच्छे संबंधों के चलते वह काफी कुछ हासिल कर सकते हैं, लेकिन वे मांग नहीं करेंगे।

## राहुल को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग

बंगलूरू, 7 जून। लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और एक बार फिर भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसी के साथ 10 साल बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होगा। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी और 10 प्रतिशत से अधिक सीटें हासिल करने के कारण यह पद कांग्रेस को मिलेगा। संसद में विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के नाम पर जोर दिया जा रहा है। पहले शशि थरूर ने राहुल को विपक्ष का नेता बनाने की मांग रखी और अब कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी यही मांग कर रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, हम लोकसभा में राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने आज कहा कि हमें उन लोगों का दिल जीतना चाहिए, जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने आगे कहा, आज बंगलूरू में राहुल गांधी ने पार्टी के जीते और हारे हुए सांसदों से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हम केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। डीके शिवकुमार से पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा था कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की।

## हम पूरा आपके साथ रहेंगे: नीतीश

पटना, 7 जून। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अब केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के गठन में देरी नहीं सुहा रही है। उन्होंने एनडीए के प्रति आस्था जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कल करे सो आज कर की तर्ज पर जल्द से जल्द शपथ ग्रहण कर काम संभालने की अपील की है। इंडी एलायंस की ओर से जदयू पर डोरे डाले जाने की खबरों के कारण उठ रही अफवाहों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वही बातें दोहराई हैं, जो लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान वह प्रधानमंत्री के साथ मंच शेयर करते हुए कह रहे थे। उन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि अब वह कहीं नहीं जाएंगे, देश के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देंगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा, बहुत अच्छा हुआ, हम जितने साथ हैं, बहुत अच्छा है। हम मिलकर चलेंगे, हम पूरा आपके साथ रहेंगे। आप पूरे देश को लेकर आगे बढ़ेंगे, यही हम लोगों को कहना है। मेरा आग्रह यही है कि जल्दी से जल्दी आपका काम शुरू हो जाए, शपथ ग्रहण हो जाए। आप इतवार को करने वाले हैं। हम तो चाहते थे कि आज ही हो जाता तो अच्छा था। जितना तेजी से काम हो जाएगा तो अच्छा है। सब बहुत अच्छा होगा। पूरे देश में इसका बहुत ज्यादा फायदा होगा। इधर-उधर कोई करना चाहे तो उसे कोई लाभ नहीं है। इसलिए आपका अभिनंदन करता हूं। सब लोग इतना खुश हैं। आपके नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे। हम लोग सब इनके साथ रहेंगे, एक साथ होकर, जो भी करेंगे, इनकी बात को मानते हुए आगे चलेंगे। आज एनडीए की संसदीय बोर्ड की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए ने स्पष्ट कहा, हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे।

# प्रियंका गांधी ने की नीट परिणाम में हुई अनियमितताओं की जांच की मांग

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 7 जून। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कई अभ्यर्थियों ने शिकायत की है, इन शिकायतों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र नीट परीक्षा परिणामों में हुई धांधली से जुड़े सवालों के जवाब चाहते हैं? कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कई अभ्यर्थियों ने शिकायत की है, इन शिकायतों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र नीट परीक्षा परिणामों में हुई धांधली से जुड़े सवालों के जवाब चाहते हैं? राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का परिणाम जारी होने के बाद से ही चर्चा में बना हुआ है। इस वर्ष लगभग 24 लाख अभ्यर्थी नीट में शामिल हुए थे। लेकिन वही इस परीक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। इस पर शुक्रवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सवाला उठाया। उन्होंने परीक्षाओं को लेकर होने वाली गड़बड़ियों पर मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी लगातार इसको लेकर शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों उनके सवालों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की शिकायतें वैध हैं, उनकी शिकायतों पर जांच होनी



चाहिए। नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थियों ने अंकों में बढ़ोत्तरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कई अभ्यर्थियों के अंको में बढ़ोत्तरी के कारण रिकॉर्ड 67 अभ्यर्थियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पहली बार नीट के प्रश्नपत्र के लीक होन पर सवाल उठा रहे हैं। एक ही परीक्षा केंद्र के छह परीक्षार्थियों ने 720 में से 720 अंक मिलने पर सवाल उठाया है। जिस पर अभ्यर्थियों ने अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा कि कई रिपोर्ट हैं, जिनमें यह सामने आया है कि काफी सारे अभ्यर्थियों ने परिणाम जारी होने के बाद आत्महत्या की है। यह सूचना बहुत ही दुखद और चौंकाने वाली है। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार लाखों विद्यार्थियों की आवाज को अनसुना क्यों कर रहे हैं? छात्र परीक्षा में हुई धांधली पर उठे सवालों का जवाब चाहते हैं? उन्होंने यह भी कहा कि क्या छात्रों की शिकायतों की जांच करना करना, छात्रों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है? बता दें कि छात्रों के आरोप के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने किसी भी अनियमितता से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव और परीक्षा केंद्रों पर समय गंवाने के लिए ग्रेस मार्क्स छात्रों के अधिक अंक लाने के कुछ कारण हैं।

## अखिलेश यादव करहल सीट से देंगे इस्तीफा!

मैनपुरी, 7 जून। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन से पार्टी हाईकमान उत्साहित है। ऐसे में पार्टी नेता कयास लगा रहे हैं कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट छोड़ सकते हैं। वहीं कुछ नेताओं ने तो चुनाव लड़ने के लिए तैयारी भी



शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक इस संबंध में पार्टी हाईकमान ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट से विधायक हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज लोकसभा सीट से जीत हासिल की है। अखिलेश की जीत के साथ ही समाजवादी पार्टी ने इस बार लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है। सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई है। परिणामों से सपा हाईकमान भी उत्साहित है। संसद में सपा सांसदों की संख्या अधिक होने के कारण पार्टी नेता कयास लगा रहे हैं कि अखिलेश यादव दिल्ली की राजनीति करें। वह संसद में पार्टी सांसदों का प्रतिनिधित्व करें। इन्हीं कयासों की बल पर पार्टी नेता संभावना जता रहे हैं कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना तय है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में करहल सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की। संसद में सपा सांसदों की संख्या काफी कम होने के चलते उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर रहते हुए विधायकों का नेतृत्व कर रहे थे। अखिलेश यादव अगर करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देते हैं तो ऐसी स्थिति में यहां सपा की ओर से कई दावेदार हो सकते हैं। सैफई परिवार से अखिलेश यादव, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव और अक्षय यादव सांसद चुने जा चुके हैं।

# संसद में गांधी, आंबेडकर और शिवाजी की प्रतिमाएं स्थानांतरित करने पर भड़का जयराम रमेश

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 7 जून। संसद भवन परिसर में 18वीं लोकसभा के सदस्य जब शपथ लेंगे तब वहां अलग ही तरह का नजारा देखने को मिलेगा। संसद भवन परिसर में न केवल महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं अब अपने निर्धारित स्थानों पर नहीं रहेंगी, बल्कि परिसर में संसद सुरक्षा कर्मियों की जगह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती भी की जाएगी। संसद परिसर में किए जा रहे पहले बदलाव से जहां खास तौर पर कांग्रेस नाराज हो गई है। विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी सहित अन्य की प्रतिमाओं को स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विपक्षी दल लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन न कर सकें। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह के हथकंडे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रतिमाओं को स्थानांतरित करने के लिए लोकसभा सचिवालय के स्पष्टीकरण को पूरी तरह फर्जी करार दिया और कहा कि इस मामले पर किसी भी राजनीतिक दल के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर लोकसभा सचिवालय ने सफाई दी। उसने एक बयान में कहा कि प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर के पीछे की ओर एक नए स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। संसद भवन परिसर की लैंडस्कैपिंग की योजना की घोषणा करते हुए लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि संसद परिसर में देश के महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं परिसर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित की गई थीं। संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित होने के कारण आगंतुक इन प्रतिमाओं को आसानी से नहीं देख पाते थे। इस कारण इन सभी प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर में ही एक भव्य प्रेरणा स्थल में सम्मानपूर्वक स्थापित किया जा रहा है। प्रतिमाओं के स्थानांतरण करने पर जयराम रमेश भड़क गए। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा, कल दोपहर मैंने इस बात पर प्रकाश डाला था कि कैसे मोदी



सरकार छत्रपति महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं को संसद भवन के सामने स्थित विशिष्ट स्थानों से दूसरी जगह स्थानांतरित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, मूर्तियों को हटाए जाने की तस्वीरें सामने आने के बाद, घबराहट में कल देर रात आठ बजे के बाद लोकसभा सचिवालय को इस बदलाव के लिए पूरी तरह से फर्जी और स्पष्ट रूप से मनगढ़ंत स्पष्टीकरण जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मूर्तियों के स्थान में बदलाव के लिए किसी भी राजनीतिक दल से कोई चर्चा नहीं हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, बदलाव का असली कारण अब बताया जा सकता है। दरअसल ये मूर्तियां वही स्थान थे, जहां पिछले 10 वर्षों से विपक्षी दल मोदी सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन करते थे। टीडीपी और जेडीयू भी इन प्रदर्शनों में शामिल होते थे। बनने जा रहे एक-तिहाई प्रधानमंत्री स्पष्ट रूप से संसद की बैठक के बगल में कोई जगह नहीं चाहते हैं जहां उनके और उनकी सरकार के खिलाफ संवैधानिक तरीके से भी विरोध प्रदर्शन हो सके। ऐसे स्टंट अब उन्हें और उनकी अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते।

# द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे ज़ेलेंस्की से मिलेंगे बाइडेन

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 07 जून को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी है। व्हाइट हाउस के अनुसार इंटरकांटिनेंटल पेरिस ले ग्रांड होटल में द्विपक्षीय बैठक में



शहर के बाहर पूल स्प्रे की सुविधा होगी। गौरतलब है कि श्री बाइडेन पांच से नौ जून तक फ्रांस के दौरे पर हैं, जहां वे नॉरमैंडी में मित्र देशों की सेना के उतरने की वर्षगांठ के कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# पुर्तगाल में विमान दुर्घटना, 02 लोग घायल

**लिस्बन।** पुर्तगाल में लीरिया हवाई क्षेत्र के पास गुरुवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लीरिया क्षेत्र के आपातकालीन एवं नागरिक सुरक्षा के उप-क्षेत्रीय कमांड ने बताया कि विमान राष्ट्रीय सड़क 109 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सड़क को मरम्मत कार्य के लिए बंद कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया ने कहा कि अल्ट्रालाइट विमान की दुर्घटना में 32 और 39



वर्ष की आयु के दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पुर्तगाली नागरिक हैं। रिपोर्टों के अनुसार, अल्ट्रालाइट विमान में 'समस्याएँ थीं' और रनवे पर लौटने की कोशिश के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# राफा के निकट सुरंग में पांच इजरायली सैनिक मारे गए: हमास

**गाजा।** हमास के सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने कहा है कि उसने राफा के पास इजरायली बलों की ओर जाल के रूप में स्थापित एक सुरंग के प्रवेश द्वार को उड़ा दिया और अंदर घात लगाए बैठे पांच इजरायली सैनिकों को मार डाला है। अल-क़स्साम ने कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के पश्चिम में ताल जुरोब के पास एक भूमिगत सुरंग का प्रवेश द्वार स्थापित किया गया था।



अल-क़स्साम ने हालांकि अभियान के बारे में और जानकारी नहीं दी गई। इजरायली पक्ष की ओर से अभी तक इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की गयी है। टेलीग्राम पर एक अन्य बयान में अल-क़स्साम ब्रिगेड ने राफा शहर में संचालित इजरायली सेना डिवीजन के मुख्यालय पर हमला करने का दावा किया, लेकिन इसका विवरण नहीं दिया। इससे पहले गुरुवार को इजरायली सेना ने राफा के पूर्व में गाजा-इजरायल सीमा की बाड़ को पार करने का प्रयास करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराने की घोषणा की थी।

# इजरायल के हमले में करीब 35 फिलिस्तीनी मारे गये

**गाजा।** इजरायल ने एक बार फिर फिलिस्तीनी नागरिकों पर हवाई हमला किया है। इस हवाई हमले में 35 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह सभी नागरिक इजरायली हमले की वजह से विस्थापित होकर मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर में एक स्कूल में रह रहे



थे जि इजरायल ने निशाना बनाया। फिलिस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि एक इज़रायली लड़ाकू विमान ने स्कूल की तीन कक्षाओं पर कई मिसाइल हमले किये। गाजा में हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने एक बयान में स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा की और इसे 'खौफनाक नरसंहार' बताया।

# गाजा के मेयर अल-मुगारी की इजरायली हमले में मौत

**एजेंसी**

**गाजा।** मध्य गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर के फिलिस्तीनी मेयर इयाद अल-मुगारी की गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई।

यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने दी है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी बताया कि श्री अल-मुगारी के साथ उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी इजरायली हमले में मारे गए हैं। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि श्री अल-मुगारी के शव को मध्य गाजा के डेर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि हमास आंदोलन के कार्यकर्ताओं में से एक श्री अल-मुगारी को सर्वसम्मति से मेयर नियुक्त किया गया था। श्री अल-मुगारी की मौत नुसेरत शिविर में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी से संबद्ध एक स्कूल पर इजरायली हमले में लगभग 35 फिलिस्तीनियों की हत्या के कुछ घंटों बाद हुई।

उधर, इजराइल ने कहा कि




हमास और इस्लामिक जिहाद के 'आतंकवादी' स्कूल के अंदर घुस गए हैं। आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए इजरायल की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल की सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसमें 12 सौ से अधिक लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने 240 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद से इजरायल जवाबी कार्रवाई में हमास के खिलाफ गाजा में हमले कर रहा है।

# पीएम मोदी ने ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश पर दी प्रतिक्रिया, बौखलाए चीन ने जताया विरोध

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में बृहस्पतिवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की 'राजनीतिक चालों' का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए। मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती 'ताइवान-भारत साझेदारी' को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में



अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके।

मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब माओ से उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है।'' उन्होंने कहा, '' चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। '' उन्होंने कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।

# फिलीपींस में 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में : यूनीसेफ

**एजेंसी**

**मनीला।** फिलीपींस में लगभग 20 लाख बच्चे भुखमरी की गिरफ्त में हैं। यह जानकारी गुरुवार को यूनीसेफ की जारी नयी रिपोर्ट में दी गयी। वैश्विक रिपोर्ट बाल खाद्य गरीबी: प्रारंभिक बचपन में पोषण की कमी में कहा गया है कि दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के लगभग एक करोड़ 81 लाख बच्चे या चार में से एक गंभीर भोजन की कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे उनमें 50 प्रतिशत तक कुपोषण का जीवन-घातक रूप तक बर्बादी का अनुभव होने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में लगभग 18 प्रतिशत या 20 लाख बच्चे गंभीर रूप से भोजन की कमी से जूझ रहे हैं। इस स्थिति में पांच में से चार बच्चों को केवल मां का दूध और चावल, मक्का या गेहूं जैसे स्टार्चयुक्त भोजन दिया जाता है। इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम बच्चों को फल और सब्जियाँ खिलाई जाती हैं और 5 प्रतिशत से




भी कम को अंडे, मछली, मुर्गी या मांस जैसे पोषक तत्व-सघन खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं।रिपोर्ट से यह भी पता चला कि फिलीपींस अभी भी उन देशों में से एक है जहां गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों की कुल संख्या का 65 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलीपींस में अस्वास्थ्यकर उत्पादों की खपत असाधारण रूप से अधिक थी जहां पांच में से एक से अधिक बच्चे अस्वास्थ्यकर भोजन और मीठे पेय पदार्थों का सेवन करते थे, इसके बावजूद ये बच्चे प्रतिदिन दो या उससे कम खाद्य समूहों का सेवन करते है।

फिलीपींस में यूनिसेफ के प्रतिनिधि ओयुनसाईखान डेंडेवनोरोव ने चेतावनी देते हुए कहा, 'गंभीर खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चे कगार पर रहने वाले बच्चे हैं। इससे उनके अस्तित्व, विकास और मस्तिष्क के विकास पर अपरिवर्तनीय नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।' उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सब्जी का सूप पीने से कुपोषण के गंभीर रूप का अनुभव होने की संभावना 50 प्रतिशत तक अधिक होती है।

रिपोर्ट के अनुसार गंभीर बाल खाद्य गरीबी के सभी मामलों में से लगभग आधे या 46 प्रतिशत गरीब परिवारों में से हैं जहां आय गरीबी एक महत्वपूर्ण चालक होने की संभावना है। इसकी तुलना में 54 प्रतिशत या 970 लाख बच्चे अपेक्षाकृत अमीर घरों में रहते हैं जिनके बीच खराब भोजन वातावरण और भोजन पद्धतियां बचपन में खाद्य गरीबी के मुख्य चालक हैं।

इस संकट को बढ़ाने वाले कारकों में खाद्य प्रणालियाँ शामिल हैं जो बच्चों को पौष्टिक, सुरक्षित और सुलभ विकल्प प्रदान करने में विफल रहती हैं, परिवारों की स्वस्थ भोजन खरीदने में असमर्थता और माता-पिता की बच्चों के लिए सकारात्मक आहार प्रथाओं को अपनाने और बनाए रखने में विफलता है।

अध्ययन में कहा गया है कि कई जगहों पर सस्ते, पोषक तत्वों की कमी वाले, अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और चीनी-मीठे पेय पदार्थों का माता-पिता और परिवारों के लिए आक्रामक रूप से विपणन किया जाता है और यह बच्चों को खिलाने के लिए नई सामान्य बात है।

रिपोर्ट में दुनिया के लगभग 100 देशों और विभिन्न आय समूहों में सबसे कम उम्र के लोगों के बीच आहार की कमी के प्रभावों और कारणों का विश्लेषण किया गया है।

# अंतरिक्ष में पहुंच खुशी से झूमीं सुनीता विलियम्स

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर सुरक्षित अंतरिक्ष पहुंच गए। इस दौरान विलियम्स खुशी से झूमती दिखीं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। बता दें, बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के रास्ते में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने उड़ान क्षमता (मैनुअल पायलटिंग) का परीक्षण भी किया। दोनों ने अंतरिक्ष यान के सदस्यों के तौर पर अपने हाथों में इसका नियंत्रण लेकर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली सुनीता पहली महिला बन गई हैं। बता दें, अंतरिक्ष यान आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन चालक दल ने करीब दो घंटे की ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद से नियंत्रण में लिया। उन्होंने स्टारलाइनर को पृथ्वी की ओर किया ताकि सेवा मॉड्यूल के पीछे इसका संचार एंटीना ट्रैकिंग और डाटा रिले उपग्रहों की ओर हो सके।

# कतर ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की

**एजेंसी**

**दोहा।** कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ चर्चा की है। बिन हमद अल थानी के कार्यालय की ओर से



जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि बातचीत के दौरान यूक्रेन के इर्द-गिर्द हाल के घटनाक्रमों, खासकर शत्रुता को रोकने, नागरिक आबादी की रक्षा करने, संवाद और कूटनीतिक माध्यमों से संकट को हल करने जैसे अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत बनाए रखने के लिये अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने 'द्विपक्षीय सहयोग के विकास' पर भी चर्चा की।

# 'बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है', चीन की आपत्ति पर अमेरिका का बयान

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का एक दूसरे को इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ''मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं।'' मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। दरअसल लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। लाई पिछले महीने ही ताइवान के राष्ट्रपति




निर्वाचित हुए हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था,'' चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को बढ़ाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान दिया जा सके।'' इस पर मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''चिंग ते लाई आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और भी घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।''

दोनों नेताओं के बीच इस प्रकार के वार्तालाप पर चीन ने बृहस्पतिवार को आपत्ति जताई और कहा कि भारत को ताइवान के अधिकारियों की ''राजनीतिक चालों'' का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही किंतु अभिन्न प्रांत है तथा वह कहता है कि इसे मुख्य भूमि (चीन) के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग क्यों न करना पड़े। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है।

# दुनियाभर में पांच साल से कम उम्र के 25 प्रतिशत बच्चे गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे : संरा

**एजेंसी**

**कलटुंगो।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे इस आयुवर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है। अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया



है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है। पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनीसेफ) ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी,'बेहद खराब' आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

# बीजिंग पहुंचे शहबाज शरीफ, निवेश बढ़ाने और संबंध मजबूत करने पर शी जिनपिंग से चर्चा करेंगे

**एजेंसी**

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी 'एपीपी' की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-




पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है और उसने औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है। शेनझेन में निवेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए शरीफ ने चीन के कर्मचारियों को उन पर बार-बार हो रहे आतंकी हमलों से पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शरीफ (72) मार्च में पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनने पर दूसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद पहली विदेश यात्रा के लिए चीन में हैं। 'पाकिस्तान-चीन बिजनेस फोरम' को संबोधित करते हुए शरीफ ने चीनी निवेशकों को हरसंभव सुविधा प्रदान करने तथा पाकिस्तान में चीन के नागरिकों, परियोजनाओं और निवेशों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान में चीन के श्रमिकों की रक्षा के खातिर पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में अहम बदलाव, सदन में सांसद कम से कम चार स्वदेशी भाषा में रख सकेंगे बात

**एजेंसी**

**टोक्यो।** पाकिस्तान की पंजाब असेंबली में संशोधन किए जाने के बाद सांसद अब सदन में अंग्रेजी और उर्दू के अलावा पंजाबी समेत कम से कम चार स्वदेशी भाषाओं में अपनी बात रख सकेंगे।

**इन बोलियों की मिली अनुमति**

स्पीकर मलिक मोहम्मद अहमद खान की अगुवाई वाली पंजाब विधानसभा की एक विशेष समिति ने सांसदों को अंग्रेजी और उर्दू के अलावा पंजाबी, सरायकी, पोटोहारी और मेवाती में सांसदों को संबोधित करने की अनुमति देने वाले संशोधनों को गुरुवार को मंजूरी दे दी।

**पहले लेनी होती थी अनुमति**

पहले एक सांसद को अंग्रेजी और उर्दू के अलावा किसी और



भाषा का इस्तेमाल करने के लिए स्पीकर से अनुमति लेनी पड़ती थी। कई बार होता था, जब स्पीकर अनुमति नहीं देते थे। हालांकि, अब सांसदों को बड़ी राहत मिली है।

विधानसभा नियमों में संशोधन का उद्देश्य इन भाषाओं को बोलने वाले लोगों के लिए पहुंच को बढ़ाना, एक अधिक प्रतिनिधि और उत्तरदायी विधायी निकाय को बढ़ावा देना है, जबकि यह बदलाव प्रांत की बहुभाषी प्रकृति को दर्शाता है, जिससे विधायकों को संवाद करने और विधायी चर्चाओं में प्रभावी रूप से भाग लेने में सक्षम बनाया जा सके।

**विधानसभा और लोगों के बीच संबंध मजबूत**

अध्यक्ष ने कहा कि आधिकारिक कार्यवाही में क्षेत्रीय भाषाओं को मान्यता देना और शामिल करना पंजाब की भाषाई विरासत के सांस्कृतिक सम्मान और स्वीकृति को भी दिखाता है, जिससे विधानसभा और लोगों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। इस बात पर विवाद है कि क्या सरायकी, पोटोहारी और मेवाती सिर्फ पंजाबी और अलग-अलग भाषाओं की बोलियां हैं। उनका उपयोग करने वालों का मानना है कि ये अलग-अलग भाषाएं थीं, लेकिन कट्टर पंजाबी इन्हें बोलियां कहते हैं।

# सशस्त्र बलों के लिए समर्पित टेली मानस प्रकोष्ठ स्थापित होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज में दो साल की अवधि के लिए प्रायोगिक परियोजना तौर पर एक टेली मानस प्रकोष्ठ स्थापित करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि रक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय टेलीमेंटल स्वास्थ्य हेल्पलाइन के एक विशेष प्रकोष्ठ के संचालन में दोनों मंत्रालयों के बीच सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। समझौता ज्ञापन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अवर सचिव आराधना पटनायक और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए।

# हमारा लक्ष्य भाजपा को रोकना था, जिसे हासिल किया: आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा की एक भी सीट हासिल करने में विफल रही आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि उसने पिछले आम चुनाव की मुकाबले काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और पंजाब और चंडीगढ़ में मजबूत पकड़ के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बहुमत की ओर बढ़ने से रोकने के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही है। आप नेता संदीप पाठक ने संवाददाताओं से कहा, 'लोकसभा चुनाव के परिणामों से देश की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी तरह की तानाशाही और गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेगी।'

# छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर चित्रकला प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) और नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (एनजीएमए) ने 'छत्रपति शिवाजी महाराज' शीर्षक से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।



इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन (आईएएस) 6 जून, गुरुवार को करेंगे। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी और एनजीएमए के महानिदेशक डॉ. संजीव गौतम भी उपस्थित रहेंगे। यह प्रदर्शनी एनजीएमए (जयपुर हाउस, इंडिया गेट हेक्सागन) में 21 जून तक चलेगी।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

# दिल्ली से टोरंटो जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से टोरंटो (कनाडा) जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के मुताबिक एयर कनाडा फ्लाइट एसी43 को बम की धमकी वाला ई मेल मिला है। यह धमकी मंगलवार रात दिल्ली से रवाना होने से ठीक पहले ई मेल के माध्यम से दी गई। सुरक्षा उपायों के लिए विमान को आइसोलेशन बे में भेज दिया गया है और स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है।पुलिस के अनुसार बीती रात 10.50 बजे, आईजीआई एयरपोर्ट स्थित दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) कार्यालय में एक ई मेल प्राप्त हुई, जिसमें एयर कनाडा की उड़ान के अंदर बम होने की धमकी दी गई थी, जो टोरंटो के लिए प्रस्थान करने वाली थी।



मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान का गहन निरीक्षण किया गया और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 31 मई को दिल्ली से 177 यात्रियों को लेकर श्रीनगर जा रही विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके-611 को बम की धमकी मिली थी। कॉल पर धमकी मिलने के बाद एयरलाइन और सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई कर फ्लाइट को श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतारा था।

# आईजीएनसीए में 16 दिवसीय 'छत्रपति शिवाजी महाराज' प्रदर्शनी का आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) ने 16 दिवसीय 'छत्रपति शिवाजी महाराज' प्रदर्शनी का आयोजन किया। आईजीएनसीए की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इस प्रदर्शनी का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज के महान राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। आईजीएनसीए ने नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (एनजीएमए) के साथ मिलकर 'छत्रपति शिवाजी महाराज' प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृति सचिव गोविंद मोहन (आईएएस) ने किया। प्रदर्शनी छह-12 जून तक चलेगी। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ सच्चिदानंद जोशी, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य डॉ. संजीव सान्याल और एनजीएमए के महानिदेशक डॉ. संजीव गौतम सहित नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में शिवाजी चित्रों को दीपक गोरे, चित्रकार श्रीकांत चौगुले और उनके पुत्र गौतम चौगुले के 16 वर्षों के श्रमसाध्य प्रयासों का परिणाम है।



मुख्य अतिथि ने कहा, इस तरह की प्रदर्शनी वर्तमान पीढ़ी को छत्रपति शिवाजी की वीरता, साहस और देश के नौसेना इतिहास में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताएगी।संस्कृति मंत्रालय की ओर से यह संग्रह आईजीएनसीए को सौंप दिया जाएगा।÷ उन्होंने कहा कि इन कृतियों की स्थायी प्रदर्शनी के साथ-साथ चल (मोबाइल) प्रदर्शनी की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा, गर्व की बात है कि आईजीएनसीए भारत के महान सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित 115 चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन एनजीएमए के साथ मिलकर कर रहा है। ये चित्र सर्वोत्कृष्ट हैं। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास को बताने के साथ- साथ बच्चों को, युवाओं, युवा उद्यमियों, प्रशासकों को प्रेरित कराना है।

# एबीएचए में तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) स्कैन सेवा से बाह्य-रोगी विभाग (ओपीडी) में तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण करने की उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने यहां बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई इस पेपरलेस सेवा ने रोगी के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव किया है। विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गतिशीलता चुनौतियों वाले कमजोर समूहों को लाभान्वित किया है। वर्तमान में 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 546 जिलों में फैली 5435 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं में चालू है। औसतन 1.3 लाख लोग प्रतिदिन स्कैन सेवा का लाभ उठाते हैं। पंजीकरण में उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और जम्मू और कश्मीर सबसे आगे हैं। उत्तर प्रदेश ने सबसे ज़्यादा 92.7 लाख लोगों का पंजीकरण किया है। इसके बाद आंध्र प्रदेश ने 53.7 लाख , कर्नाटक ने 39.9 लाख और जम्मू-कश्मीर ने 37.1 लाख पंजीकरण किये है ।

# निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं राहुल गांधी-भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि वह चुनावी हार की हताशा और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल को आता देख कर कुंठा में निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं। जबकि महिलाओं को एक लाख रुपये देने का वादा भूल गए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद पीयूष गोयल ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर जो भाजपा और हमारे नेताओं पर अनाप-शनाप आरोप लगाए हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष की हार की हताशा से राहुल गांधी जी उबर नहीं पाए हैं। अब राहुल गांधी बाजार के निवेशकों को भी गुमराह करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत



दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया, भारत को सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने देश को आश्वस्त किया है कि उनके तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

श्री गोयल ने कहा कि श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में आने से राहुल गांधी परेशान नजर आ रहे हैं। इसलिए वो (राहुल गांधी) अपने बयानों के साथ विदेश और देश के निवेशकों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के पिछले 10 सफल वर्षों में हमारा मार्केट कैप पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया। उनके कार्यकाल में बाजार में सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का मार्केट कैप लगभग 4 गुना बढ़ गया है।

भाजपा नेता ने कहा कि 10 साल पहले, कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन के दौरान, भारत का मार्केट कैप केवल 67 लाख करोड़ रुपये था। मई 2014 में मोदी सरकार को यह विरासत में मिला, जो आज बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मोदी सरकार के 10 साल के सफल कार्यों से मार्केट में हमारे भारतीय निवेशकों ने लाभ लिया। यही वजह है कि आज देश और दुनिया का विश्वास भारत के ऊपर है, श्री मोदी के ऊपर है।

श्री गोयल ने कहा कि आज लोगों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न ये खड़ा हो रहा है कि जो-जो वादे राहुल गांधी ने किए थे उसका क्या हुआ? देश में कई जगहों पर हमारी बहनें-माताएं कांग्रेस के कार्यालय के बाहर खड़ी हैं। आज महिलाएं तेलंगाना, हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकारों से पूछ रही हैं कि जो एक लाख रुपए प्रति महिला को देने का वादा किया गया था, वो क्यों नहीं पूरा कर रहे हैं। आज महिलाएं कांग्रेस की सरकारों से अपना हक और न्याय मांग रही हैं।

# मोदी ने असंभव को संभव कर दिखाया : मोहन यादव



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंभव को संभव कर दिखाया है और यह गर्व की बात है कि वह एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। डॉ. यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री के पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है और उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इतनी बड़ी जीत दिलाकर असंभव को संभव कर दिखाया है। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है।

# कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की निंदा की महिला आयोग ने




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट से निर्वाचित घोषित भारतीय जनता पार्टी की नेता और अभिनेत्री कंगना रनौत को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर थप्पड़ मारने की घटना की कड़ी निंदा की है और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा सुरक्षाकर्मी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले पर स्वत संज्ञान लिया है और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल से संबंधित सुरक्षाकर्मी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है।

श्रीमती शर्मा ने कहा है कि संबंधित महिला सुरक्षाकर्मी कुलविंदर कौर को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार सुरक्षा कर्मियों द्वारा ऐसा कृत्य करना गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि अगर महिला सुरक्षा कर्मी पर आरोप सिद्ध होते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। महिला आयोग ने इस मामले को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक को एक पत्र भी लिखा गया है।

# चुनाव आयोग ने नवनिर्वाचित सांसदों की सूची मुर्मु को सौंपी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से 18वीं लोकसभा के चुनाव में निर्वाचित सदस्यों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपी गयी। राष्ट्रपति को चुनाव के बाद इस तरह की सूची प्रस्तुत की जाती है। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है,



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें लोकसभा के लिये चुने गये सभी सदस्यों की सूची प्रस्तुत की। जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के संदर्भ में आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिये चुने गये सदस्यों के नाम शामिल हैं, उसके द्वारा (मुख्य निर्वाचन आयुक्त और उनके साथी आयुक्तों द्वारा) राष्ट्रपति को प्रस्तुत की गयी।

# भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों पर राज्यों के साथ समीक्षा बैठक


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भीषण गर्मी से निपटने की तैयारी करने और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों पर अग्निरोधी एवं विद्युत सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अगले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने की आशंका के मद्देनजर समर्पित ऊष्माघात कक्ष, ओआरएस कॉर्नर सुनिश्चित करने? तथा निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए समीक्षा करने का आग्रह किया गया है। मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने देश भर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में भीषण गर्मी की स्थिति और आग रोधी एवं विद्युत सुरक्षा उपायों की तैयारी का आकलन करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक वीडियो बैठक की।

मौसम विभाग के अनुसार जून के दौरान, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश क्षेत्रों और मध्य भारत के आसपास के हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन रहने की आशंका है। केंद्रीय मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि गर्मी से संबंधित बीमारियों के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी को मजबूत करने पर दिशानिर्देश तैयार किए जाने चाहिए। गंभीर गर्मी से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए आपातकालीन कक्ष बनाए जाने चाहिए।

# तेज आंधी से गिरी निर्माणाधीन दीवार, मलवे में दबने से एक ने तोड़ा दम और दूसरा घायल

**नोएडा।** भीषण गर्मी के बाद दिल्ली एनसीआर में तेज आंधी ने मौसम का मिजाज तो बदल दिया लेकिन इसी आंधी ने नोएडा के परिवार को उजाड़ दिया है। देररात आई आंधी की वजह से सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में एक निर्माणधीन घर की दीवार गिर गई इस हादसे में दो लोग दब गए जिनमें से एक व्यक्ति के उपचार के दौरान मौत हो गई है वहीं, दूसरे का अभी इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास चोटपुर कॉलोनी में यादराम मार्केट के पास पांच मंजिला घर का निर्माण कराया जा रहा है। देर रात आई आंधी में उस घर की निर्माणाधीन दीवार पड़ोस के घर में गिर गई। दीवार गिरने से दो युवक दबकर घायल हो गए। घायलों की पहचान जिला बरेली के गांव बरखन के हरिओम और जिला बरेली के गांव फतेहगंज के संतोष के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान हरिओम ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। सेक्टर-63 थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 22 वर्षीय हरिओम



बरेली का रहने वाला था कल ही वह अपने गांव से नोएडा मजदूरी करने के लिए आया था। रात में जब वह छत पर सो रहा था उसी दौरान हादसा हुआ है। पुलिस सुचना मिलते ही उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने उपचार के दौरान अपना दम तोड़ दिया है।पुलिस के मुताबिक अभी तक मृतक के स्वजन की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


**NAME CHANGE**

I, SARITA SARGAM TIRKEY wife of No. 14871447Y Rank-SEP/MT Name-SANDEEP KUJUR Presently residing at VILL-MUDAPARA (MOSONDIPARA), PO-PAKARGAON, TEHSIL-PATHALGAON, DISTT-JASHPUR, CHATTISGARH-496118 have changed my name from SARITA SARGAM TIRKEY to SARITA SARGAM KUJUR for all future purposes vide Affidavit Dated 07/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, MARIBASA VANAIKA F/o No.-15702495P Rank-L/NK Name- NANDISHA M R/o C56, BRAMHANA STREET, TERAKANAMBI VILLAGE AND POST PS 571123, GUNDLUPET TALUK, CHAMARAJANAGARA DISTRICT, KARNATAKA STATE have changed my name from MARIBASA VANAIKA to MARIBASA-VANAIKA for all future purposes. And in my son service record my date of birth wrongly mentioned is 01/07/1960 instead of 01/01/1959.

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री. राजेश शर्मा प्लॉट नंबर 35/3, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, ग्राउंड पर स्थित घर का क्षेत्रफल 8.96 वर्ग मीटर है और दुकान का क्षेत्रफल 9.77 वर्ग गज है। और प्रथम तल पर क्षेत्रफल की माप 17.41 वर्ग मीटर है। मोहल्ला कालका गढ़ी, गाजियाबाद, यूपी में स्थित है के मालिक हैं। बिक्री विलेख दिनांक 29/12/2020 के माध्यम से श्री मुकुल गुप्ता के द्वारा निष्पादित पक्ष श्री राजेश शर्मा में किया गया। दस्तावेज़ संख्या 11217, खंड संख्या 17498, पृष्ठ संख्या 224 से 268, पुस्तक संख्या 1 में, 29/12/2020 को, स्क्र- सदर द्वितीय, गाजियाबाद में पंजीकृत, प्रारंभ में,। श्रीमती ओमकारी ने उक्त संपत्ति श्री अश्वनी कुमार पुत्र स्व. चानन लाल और श्रीमती. सत्या बाला पत्नी श्री. चानन लाल को रजि. विक्रय विलेख दिनांक 13/02/1963 से बेच दी है। जिन्होने उक्त संपत्ति श्री दयाप्रकाश पुत्र स्व. नैन सिंह और श्रीमती. लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. दयाप्रकाश को रजि. विक्रय विलेख दिनांक 16/12/1980 से बेच दी, बाद में श्री. दयाप्रकाश की मृत्यु हो गई और श्रीमती लक्ष्मी देवी अपनी आखिरी वसीयत दिनांक 10/01/2018 को मुकुल गुप्ता पुत्र स्व. अशोक कुमार गुप्ता के पक्ष में छोड़कर चल बसीं।, अंत में, बिक्री विलेख दिनांक 29/12/2020 हमारे उपर्युक्त ग्राहक के पक्ष में निष्पादित किया जो फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त संपत्ति को गिरवी रखना चाहता है। जिसे भी उक्त बंधक या अधिग्रहण पर कोई आपत्ति है या किसी के पास दावा या अधिकार या हित है संपत्ति 07 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करेगी, ऐसा न करने पर यह मान लिया जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।

नई दिल्ली
दिनांक: 7/6/2024

प्रज्ञा भूषण वकील
Enrl No. D/721/02
कार्यालय: L-27,GF, कैलाश कालोनी,
नई दिल्ली-48 Mob: 9968006418

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता मिश्रा पत्नी स्व. दिनेश चंद मिश्रा ग्राउंड फ्लोर पर बिना छत के अधिकार वाली एल-टाइप कॉर्नर साइड शॉप (दो तरफ खुली), प्रॉप नंबर 37, क्षेत्रफल 11.89 वर्ग मीटर है। ब्लॉक-जे, पांडव नगर की आबादी में स्थित, गांव घरौंदा नीम का बांगर उर्फ पटपड़गंज, इलाक़ा शहादरा, दिल्ली-110092 के जीपीए होल्डर हैं। पंजीकृत आईजीपीए दिनांक 29/06/2010 द्वारा श्री महेश कुमार जैन पुत्र स्व. माखन लाल जैन द्वारा निष्पादित श्रीमती गीता मिश्रा पत्नी स्व. दिनेश चंद मिश्रा के पक्ष में । आईजीपीए दस्तावेज़ संख्या 7852 के अनुसार, जो उक्त दुकान को इच्छित उधारकर्ता को बेचने का इरादा रखता है, जो फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त संपत्ति को आगे गिरवी रखेगा। जिसे भी उक्त बंधक या अधिग्रहण पर कोई आपत्ति है या किसी के पास संपत्ति पर दावा या अधिकार या हित है, तो वह संपर्क करेगा। 07 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।

नई दिल्ली
दिनांक: 7/6/2024

प्रज्ञा भूषण वकील
Enrl No. D/721/02
कार्यालय: L-27,GF, कैलाश कालोनी,
नई दिल्ली-48 Mob: 9968006418

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल एकता डल यूनाइटेड (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है जिसका कार्यालय - ग्राम- महपतिया, डाकघर- महपतिया वाया मधेपुर, महपतिया, जिला-मधुबनी, निकट- प्राथमिक मकतब, बिहार- 847408 पर स्थित है

इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं: अध्यक्षः चिंकी कुमारी, निवासी- 68, शिकरिया, शिकरिया, रामचन्द्र, मधेपुर, मधुबनी, बिहार- 847408 **महासचिवः** - विवेक कुमार गोपी, निवासी- 30, अहमदगंज, बखड्डा, शेबपुर कमाल, बेगुसराय, बिहार- 851217। **कोषाध्यक्ष** : राधे श्याम शर्मा, निवासी- नगर/ग्राम- सनाहा, आंचल- साहेबपुर कमाल, जिला-बेगूसराय- 851217। यदि किसी को एकता दल यूनाइटेड (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति और इसके कारण सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड़, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**NAME CHANGE**

I, Rasmi D/o Rohtas Singh R/o Flat No-905, Tower No-4, Signature Global Grand IV A, Sector-103, Daulatabad (53), Gurgaon, Haryana-122006, Have Changed My Name To Rashmi

**CHIRAG BUILDTEC PRIVATE LIMITED**
**Corporate Office: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurugram-122003, Ph.0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of residential apartments in the Affordable Housing Project ***"ROF ANANDA"*** being developed by M/s. **CHIRAG BUILDTEC PRIVATE LIMITED** situated at **Sector 95,** Gurugram, Haryana vide **(License No. - 17 of 2016 dated: 25.10.2016)** has been cancelled due to non –payment of installments or allotment amount by successful allottee (s ) of their apartments till its due date or any other reason, the information/ reminders of which has been given them according to terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013, dated 19/8/2013 (as amended ).

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
| --- | --- | --- |
| 15704 , 9822 | 554.77, 2 BHK (TYPE-E) | A-704 , E-204 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby informed to submit claims/objections in writing, if any, for the cancellation of the said apartments to the undersigned company/developer along with the relevant documents to support their claims/objections within 7 days from the date of publication hereof.

In the absence of any claim within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/objections made thereafter and necessary action will be taken as per rules for the process of re-allotment.

For **CHIRAG BUILDTEC PRIVATE LIMITED**
**Place: Gurugram (Haryana)**

**Name Correction**

I, SIDDHARTH DHONDIYAL son of Sh. MAHESH CHANDER R/O SRD-5D, SHIPRA RIVIERA, GYANKHAND-3, INDIRAPURAM, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201014 Declare That in my 10th class Certificates my father's name has been written as MAHESH CHANDER DHONDIYAL and my mother's name written as GAYATRI DHONDIYAL instead of MAHESH CHANDER and GAYATRI DEVI. That MAHESH CHANDER DHONDIYAL is MAHESH CHANDER and GAYATRI DHONDIYAL is GAYATRI DEVI both are the same person.

**NAME CHANGE**

I, KARTIK RANA Father of No-16124485K Rank-L/NK Name-SHANKAR RANA, Unit - 16 RR (SIKH), C/o 56 APO, R/o VILL - BAGBERIA, PO & P.S - SABANG, DISTT - PASCHIM MEDINIPUR, STATE - WEST BENGAL, PIN - 721144, in my son□s service records my date of birth wrongly mentioned as 18 July 1960 instead of my correct date of birth is 01 January 1958 vide affidavit dated 07/06/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, AMALA RANA Mother of No-16124485K Rank-L/NK Name-SHANKAR RANA, Unit - 16 RR (SIKH), C/o 56 APO, R/o VILL - BAGBERIA, PO & P.S - SABANG, DISTT - PASCHIM MEDINIPUR, STATE - WEST BENGAL, PIN □ 721144 have changed my name from AMALA RANA to AMALABALA RANA for all future purposes, in my son□s service record my date of birth wrongly mentioned as 12 June 1967 instead of my correct date of birth is 01 January 1969 vide affidavit dated 07/06/2024 before Notary Public Delhi.

## सिलेंडर में आग से तीन झुलसे, पीजाआई रेफर

**एजेंसी**

**जींद।** कुम्हारां मोहल्ला में सिलेंडर में हुई गैस रिसाव से आग भड़क उठी। जिसकी चपेट में आने से दंपत्ति समेत तीन लोग झुलस गए। जिनकी गंभीर हालत देख नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। कुम्हारां मोहल्ला निवासी बबली रसोई में चाय बनाने पहुंची थी। तीली जलाते ही आग भड़क उठी। शोर मचाने पर उसकी बेटी अमित तथा पुत्रवधु आरती मौके पर पहुंच गए और आग की लपटों से घिरी बबली को बचाने लगे। उसी दौरान रसोई में रखे फ्रीज का कंप्रेशर भी फट गया और उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया। धमाके की आवाज सुन कर परिवार के अन्य सदस्य तथा पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने आग की लपटों से घिरे तीनों को बाहर निकाल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर हालत देख पीजाआई रोहतक रेफर कर दिया। तीनों के हालत गंभीर बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड तथा पुलिस मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक रसोई रखा सामान जलकर राख हो चुका था। बबली की देवरानी कमला ने बताया कि गैस रिसाव के कारण रसोई में आग लगी है। जिसमें उसकी जेठानी, बेटा, पुत्रवधु झुलस गए हैं। जिन्हें पीजीआई रेफर किया गया है।

## हत्या के मामले छह को उम्रकैद

**जींद।** स्थानीय एडीजे नेहा नोरिया की कोर्ट ने लगभग चार साल पुराने हत्या के मामले में छह लोगों को उम्रकैद की सजा और 22,500-22500 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने की सूरत में दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार अर्बन एस्टेट निवासी अंकित ने 10 मार्च 2020 को सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चाचा अर्बन एस्टेट निवासी संजीव (54) ने गांव अमरहेड़ी में 270 गज का प्लाट लिया हुआ था। उसका भाई पियूष, चाचा संजीव व मजदूरों के साथ प्लाट की नींव भरने गया हुआ था। उसी दौरान गांव अमरहेड़ी निवासी सतप्रकाश व उसके परिजनों ने हमला कर दिया। जिसमें उसके चाचा संजीव की मौत हो गई थी। सदर थाना पुलिस ने अंकित की शिकायत पर गांव अमरहेड़ी निवासी सतीश, प्रेम, सतप्रकाश, राजीव, जितेंद्र, सोमनाथ के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। वीरवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोहरिया की अदालत ने नामजद सभी छह लोगों को दोषी करार देते उन्हें उम्र कैद कारावास तथा प्रत्येक को साढ़े 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई पिंडारा तीर्थ में डुबकी

**जींद,।** अमावस्या पर पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया व सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार शाम से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की।

## 24 दिन की तपस्या पूर्ण, गुरु गोरखनाथ की महिमा का हुआ गान

**सोनीपत**। सिद्धपीठ संत कुंभातीर्थ धाम के पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में हठयोगी सत्यवान स्वरूप महाराज ने 24 दिन की कठिन तपस्या पूरी की। इस तपस्या का उद्देश्य गुरु गोरखनाथ महाराज की महिमा का बखान और ध्यान करना था। इस अवसर पर राजेश स्वरूप महाराज ने सत्यवान स्वरूप महाराज को आशीर्वाद प्रदान किया। अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं ने सतकुंभा पर स्नान किया। तपस्या के दौरान, सत्यवान स्वरूप महाराज ने कठोर अनुशासन और योगिक क्रियाओं का पालन करते हुए अपनी साधना को पूरा किया। इस कठिन तपस्या के माध्यम से उन्होंने गुरु गोरखनाथ महाराज की अनन्य भक्ति और साधना की परंपरा को आगे बढ़ाया। गुरु गोरखनाथ महाराज को भारतीय योग परंपरा के महान संतों में से एक माना जाता है, जिन्होंने हठयोग की विधियों को विकसित किया और अपने शिष्यों को आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर प्रेरित किया।

## फतेहाबाद में कोल्ड ड्रिंक के पैसे नहीं देने पर दो गुटों में खूनी संघर्ष

**फतेहाबाद।** शहर के नागरिक अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार आधी रात को दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर थप्पड़-मुक्के चले, जिससे इमरजेंसी में हडकंप मच गया। डयूटी पर मौजूद डॉक्टर व स्टाफ ने अपना केबिन बंद कर लिया और छिपकर जान बचाई। ढाणी माजरा में रात को कोल्ड ड्रिंक की बोतल को लेकर दुकान पर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग अस्पताल में उपचार करवाने के लिए पहुंचे और फिर यहां पर भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर हुई लड़ाई को लेकर डॉक्टर ने अस्पताल चौकी में सूचना दी लेकिन कोई नहीं पहुंचा।

# मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना से समाप्त होगी आयु सीमा

**हरियाणा सरकार का फैसलाः अब 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे और 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को भी मिलेगा लाभ**

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों और खेतीहर मजदूरों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना में आयु सीमा को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। अब 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे और 65 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को भी योजना के तहत लाभ मिल सकेगा।

इस योजना के अंतर्गत किसानों, खेतीहर मजदूरों, मार्केट यार्ड में काम करने वाले मजदूरों को कृषि मशीनरी पर कार्य करने के दौरान मृत्यु या अंगहानि होने पर 37,500 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह की



अध्यक्षता में हुई कृषि एवं किसान कल्याण, बागवानी विभाग और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल भी मौजूद रहे। नायब सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को तय समयावधि में पूरा किया जाए। इसके साथ ही आगामी 15 जुलाई से कालका में सेब मंडी में भी कार्य शुरू किया जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कई परियोजनाएं जमीन की उपलब्धता न होने या अन्य विभाग से मंजूरी न मिलने के कारण देरी से क्रियान्वित होती है। ऐसे सभी मामलों के समाधान के लिए पीएम गति शक्ति की तर्ज पर प्रदेश में भी हरियाणा गति शक्ति बनाया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द मोहन शरण, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव आशिमा बराड़, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा के अलावा लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हरियाणा में सड़कों की मरम्मत के लिए चलेगा विशेष अभियान

**एजेंसी**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोक निर्माण और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों की मरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 1636 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल, लोक निर्माण मंत्री डॉ. बनवारी लाल भी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य राजमार्ग और जिला प्रमुख सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता आधार पर की जाएगी तथा लगभग 1500 कार्यों को सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। कुछ सड़कों की निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने 17 जिलों में 384 सड़कों को चिन्हित किया है। जिनकी लम्बाई लगभग 1100 किलोमीटर है।

**बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य राजमार्ग और जिला प्रमुख सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता आधार पर की जाएगी तथा लगभग 1500 कार्यों को सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।**

बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 5200 किलोमीटर लम्बाई की 439 सड़कें हस्तांतरित होनी हैं। जिनमें से 3 हजार किलोमीटर लम्बाई की सड़कें पिछले वर्ष हस्तांतरित की गई थी। बोर्ड अब इन सड़कों की मरम्मत पर ध्यान केन्द्रित करेगा और सड़कों की विशेष मरम्मत के बाद ही लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करेगा।

बोर्ड ने निर्णय लिया है कि भविष्य में जितनी भी सड़कें लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित होनी हैं। उनकी पहले डीमार्केशन की जाए। लोक निर्माण विभाग 3500 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों का पैचवर्क मानसून शुरू होने से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन सड़कों व बाईपास के लिए 80 से 85 प्रतिशत जमीन उपलब्ध हो गई है। वहां पर मिट्टी भराई व कच्ची सड़क का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्त कोसली बाईपास के निर्माण का कार्य भी शीघ्र ही शुरू करवाया जाएगा।

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना चाहिएः बीना यादव

**एजेंसी**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन प्रबंधन व परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की ओर से अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना 'कृषि में महिलाएं' के तहत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव उपस्थित रही। महाविद्यालय की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुराने वस्त्रों से थैले व बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके अलावा पराली को भी नहीं जलाना चाहिए ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्याएं उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। मुख्य अतिथि ने उपस्थित महिलाओं को दैनिक जीवन में पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उप विभागीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण ने बताया कि पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है।

डॉ. किरण सिंह ने बताया कि पॉलिथीन बैग का इस्तेमाल हमारी भूमि की उर्वरता को कम करता है। डॉ. नीलम ने पर्यावरण दिवस को मनाने के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सरोज यादव ने महिलाओं



को अलग-अलग तरह के बैग बनाने की ड्राफ्टिंग के बारे में बताया। डॉ. कविता दुआ ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया व उनकी देखभाल करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान 'बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सविता ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय व ममता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि द्वारा सभी विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एकता व संतोष कुमारी ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

## फतेहाबाद में गौशालाओं में रहने वाले पशुओं की तैयार होगी रिपोर्ट

**एजेंसी**

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिए कि वे सभी गौशालाओं की सर्वे रिपोर्ट तैयार करें कि किस गौशाला में कितने पशु रह रहे हैं और उसमें कितना स्थान खाली है, इसकी विस्तृत रिपोर्ट पुलिस विभाग को भी दी जाए, ताकि पुलिस द्वारा अवैध तस्करी द्वारा पकड़े गए पशुओं को फोरी तौर पर इन गौशालाओं में रखा जा सके। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता बारे लोगों को भी जानकारी होनी चाहिए। पुलिस विभाग और समिति सदस्यों के लिए भी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाए। एडीसी राहुल मोदी अपने कार्यालय में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक ले रहे थे। बैठक में बड़ोपल में बनाए जाने वाले पशु



आश्रय (इनफर्मरी) के बजट बारे चर्चा हुई। इस पशु आश्रय के लिए सरकार से बजट मांगने पर विचार हुआ। उसके उपरांत उसमें किस प्रकार की सुविधाएं हो, इस पर विचार विमर्श किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा कि जिला में किसी भी प्रकार की पशु क्रूरता व तस्करी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जानवर अपनी भावनाओं को प्रकट करने में असमर्थ होते हैं, तो यह इंसान का कर्तव्य है कि अपने समकक्ष जीवन यापन करने वाले जानवरों का ध्यान रखें। बैठक में आवारा कुतों द्वारा वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाए जाने पर भी विचार विमर्श हुआ तथा पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि उनका उचित समाधान किया जाए। बैठक में जिप सीईओ सुरेश कुमार, सीपीसीए के वाइस चेयरमैन विनोद कड़वासरा, डीडीपीओ रवींद्र दलाल, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह, डीईओ संगीता बिश्नोई, समिति सदस्य आत्मा राम, डॉ. रवींद्र भाम्भू, डॉ. प्रदीप पुनिया, नवजोत सिंह ढिल्लों, एसपीओ ऋषिकेश सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नव निर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्माचारी ने मतदाताओं का आभार जताया



**एजेंसी**

**सोनीपत।** सांसद सतपाल ब्रह्मचारी कांग्रेस पार्टी के मुख्य चुनावी कार्यालय पालकी बैंक्वेट में पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का चुनाव में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया।

सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि उनकी जीत जनता और पूरे समाज के सभी वर्गों की जीत है। वो अपनी जीत का श्रेय पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सांसद राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित सभी स्थानीय विधायकों और नेताओं को देते हैं। वह सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं का विशेष तौर से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने बेहद कम समय में दिन रात चुनाव प्रचार कर पार्टी को विजय दिलाई।

## हरियाणा में साइबर अपराध में संलिप्त एक लाख से अधिक मोबाइल नंबर हुए ब्लाक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध में संलिप्त मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराने में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 अप्रैल 2024 तक देशभर में साइबर अपराध में शामिल कुल 5 लाख 46 हजार मोबाइल नंबर ब्लॉक किए गए, जिनमें से 1 लाख 11 हजार मोबाइल नंबर केवल हरियाणा पुलिस की रिपोर्ट पर बंद करवाए गए हैं। यह देशभर में ब्लॉक किए गए नंबरों का लगभग 20 प्रतिशत है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मई 2024 तक अलग-2 क्षेत्रों से 1668 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से लगभग 400 साइबर अपराधी हरियाणा राज्य से हैं, जबकि लगभग 1200 साइबर अपराधियों को देशभर में साइबर अपराध के हॉटस्पॉट क्षेत्र जैसे आसाम, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में छापा मार कर पकड़ा है। हरियाणा पुलिस ने देशभर में ऐसे 50 हॉटस्पॉट क्षेत्रों को सूचीबद्ध किया है, जहां से साइबर अपराध के मामले सबसे अधिक रिपोर्ट किए जाते हैं। हरियाणा पुलिस ने टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और संदिग्ध मोबाइल नंबरों को बंद करवाने की कार्ययोजना तैयार की गई और एक लाख 11 हजार 349 मोबाइल नंबर को ब्लॉक करवाया गया, जो कि देशभर में सबसे अधिक है। दूसरा साइबर अपराधियों की धरपकड़ को लेकर हरियाणा में हॉटस्पॉट क्षेत्रो की पहचान करते हुए उन्हें सूचीबद्ध किया गया, जहां से साइबर फ्रॉड के सबसे अधिक फोन किए जाते हैं।

## रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**जीएम ने दिया मांगों एवं समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

**एजेंसी**

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के हल की मांग की है। महाप्रबंधक ने संगठन से बातचीत करते हुए समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक डिपो प्रधान अजय दुहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विचार करते हुए इनका हल करने की मांग की गई। बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का 17 सूत्रीय मांग पत्र तैयार करके महाप्रबंधक को सौंपा गया। डिपो प्रधान अजय दुहन ने बताया कि एसपीएल चालकों की बकाया एलटीसी का भुगतान किया जाए, चालकों एवं परिचालकों को लोकल रूटों पर भी ओवरटाइम दिया जाए, रूटों का सर्वे करवाकर किलोमीटर की सही जांच करवाएं, वाया किलोमीटर जोड़े जाएं व एसी बसों पर पर्दे लगवाए जाएं।




हिसार डिपो सचिव सलीम सरसौद ने कर्मशाला के कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि डी-ग्रुप के कर्माचारियों का चार साल से बकाया धुलाई भत्ता एरियर दिया जाए, गर्मी को देखते हुए कर्मशाला कर्मचारियों के सभी ग्रुप में छप्पर लगाए जाएं एवं सभी कर्मचारियों की बकाया प्रथम, द्वितीय व तृतीय एसीपी लगाई जाए। हांसी सब डिपो प्रधान सोनू मोर ने भी कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि परिचालकों के लिए खुले सिक्कों की व्यवस्था करायी जाए, 2014, 2018 के चालकों-परिचालकों एवं 2019 के कर्मशाला कर्मचारियों को कंफर्म किया जाए। संगठन के अनुसार महाप्रबंधक डा. मंगल सेन ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्य कैशियर सुभाष बिश्नोई, पूर्व डिपो प्रधान रामसिंह बिश्नोई, राज्य सचिव सुभाष ढिल्लो, संदीप सैनी, दर्शन जांगडा, अनिल सुलखनी, नागेंद्र जांगडा आदि शामिल थे।

## भूपेंद्र हुड्डा ने 10 जून को बुलाई कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। प्रदेश में अल्पमत की सरकार को



नैतिकता के आधार पर स्वयं इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यपाल महोदय को विधानसभा भंग कर नये चुनाव कराने चाहिए। इस मुद्दे पर चर्चा के लिये 10 जून को कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गयी है। हुड्डा अपने निवास पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिसार से निर्वाचित सांसद जयप्रकाश, अंबाला के नवनिर्वाचित सांसद वरुण मुलाना, सोनीपत से नवनिर्वाचित सांसद सतपाल ब्रह्मचारी की मौजूदगी में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हरियाणा के मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि 2019 के चुनाव में कांग्रेस को करीब 28फीसदी वोट मिला था जो इस बार 20फीसदी बढ़कर करीब 48फीसदी हो गया। वहीं भाजपा का वोट प्रतिशत जो पिछले चुनाव में करीब 58त्न था वो घटकर करीब 46त्न रह गया। पिछले चुनाव के मुकाबले भाजपा के वोट प्रतिशत में करीब 12त्न की गिरावट हुई। 2019 के चुनाव में जहां कांग्रेस को एक भी लोकसभा सीट पर सफलता नहीं मिली वहीं इस बार 10 में से 5 सीटों पर न सिर्फ जीत हुई, बल्कि 46 हलकों में कांग्रेस पार्टी आगे रही। ये इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि लोगों ने मन बना लिया है हरियाणा में आने वाली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनेगी। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के मतदाताओं ने न जात पे न पात पे, मुहर लगाई हाथ पे।

## गर्मी की छुट्टियों में टूर पैकेज को लेकर होने वाले साइबर अपराध से रहें सावधान : मोहित हांडा

**पुलिस अधीक्षक ने जिले के नागरिकों को किया साइबर क्राइम के प्रति सचेत**

**एजेंसी**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने आमजन को गर्मी की छुट्टियों के दिनों में टूर पैकेज को लेकर होने वाले साइबर धोखाधड़ी से सावधान किया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी आमजन से धोखाधड़ी करने के लिए रोजाना नए नए तरीके निकाल रहे है और अब साइबर अपराधी समर वैकेशन टूर पैकेज के नाम पर आमजन को निशाना बना सकते है।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियां शुरू हो चुकी है। आमजन इस दौरान अपने परिवार सहित कहीं घूमने जाने की प्लानिंग करते है। आमतौर पर लोग समर वैकेशन के लिए घर बैठे ही इंटरनेट के माध्यम से ट्रेन, प्लेन और होटल बुक करते है। साइबर अपराधी इसी का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। सोशल मीडिया के जरिए साइबर अपराधी अलग अलग वैकेशन पैकेज का प्रचार करते हैं। टूरिस्ट प्लेस के नामचीन होटल, रिजॉर्ट और टूरिस्ट कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाते है।



साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए अपनी फर्जी वेबसाइट को इंटरनेट के सर्च इंजन पर सबसे ऊपर ले आते है। ऐसे में लोग इंटरनेट पर होटल और टूरिस्ट कंपनियों को सर्च करते हैं तो सबसे पहले फर्जी वेबसाइट ऊपर खुल जाती है। लोग उसी वेबसाइट के झांसे में आकर ऑनलाइन या फोन कॉल पर बुकिंग करते हैं और एडवांस पेमेंट कर देते है। साइबर अपराधी अकाउंट में पैसे पहुंचते ही अपने अकाउंट और फोन नंबर बंद कर देते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि समर वैकेशन के लिए प्लेन, ट्रेन और होटल की बुकिंग करते समय सही वेबसाइट की जानकारी लें।

**अभिभावक समर वैकेशन में अपने बच्चो द्वारा मोबाइल के प्रयोग पर भी रखें निगरानी**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभिभावक समर वैकेशन में अपने बच्चों द्वारा मोबाइल के प्रयोग पर भी निगरानी रखें। गेमिंग कंपनियां गर्मियों की छुट्टी के समय ही नए नए गेम लॉन्च करती हैं या फिर गेम में कोई बड़ा अपडेट लॉन्च करती है। अपने बच्चों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखें, उन्हें फ़िशिंग, मैलवेयर और रैंसमवेयर सहित मौजूद विभिन्न प्रकार के खतरों के बारे में सिखाएं। अपने बच्चों को ऑनलाइन गोपनीयता और सुरक्षा की आदतों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करें। जैसे कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करते समय सतर्क रहना, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी न देना और अनावश्यक ऐप्स को अनइंस्टॉल करना। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाना, साइबर पुलिस थाना, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल पर सूचना दें।

## बिजली चोरी की सूचना पर छापा मारने गए कर्मचारियों को ग्रामीणों ने घेरा

**एजेंसी**

**हिसार,।** जिले के अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव कुलेरी में बिजली निगम की टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में दोनों तरफ से आरोप–प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया।

बताया जा रहा है कि बिजली निगम की टीम कुलेरी गांव में चैकिंग के लिए गई थी। इस दौरान निगम के कर्मचाारी जब एक घर में चैकिंग कर रहे थे तो बिजली कर्मचारियों व उस परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाद बढ़ गया और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कर्मचारियों को घेर लिया। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों को ग्रामीणों के चंगुल से सुरक्षित निकाला। बताया रहा है कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपमंडल अग्रोहा के तहत कुलेरी गांव में बिजली विभाग की टीम को गांव में कुछ घरों में कुंडी लगाकर डायरेक्ट बिजली चलाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद बिजली निगम की टीम के सदस्य मौके पर छापेमारी करने गए थे। इस दौरान एक घर में बिजली कर्मचारियों द्वारा घुसने पर ग्रामीण बिखर गए और बिजली कर्मियों व ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत भी आ गई। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर बिजली कर्मचारियों को घेर लिया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने उनके वाहनों में भी तोड़फोड़ की है। माहौल बिगड़ने की सूचना मिलने पर अग्रोहा पुलिस मौके पर पहुंची और बिजली कर्मियों को वहां से सुरक्षित निकाल कर लाई। बताया जा रहा है कि झगड़े के बाद अग्रोहा थाना पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने मारपीट, ड्यूटी में बाधा डालने व वाहनों में तोड़फोड़ जैसे आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बिजली कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनके साथ इस तरह होता रहा तो वे कहीं काम भी नहीं कर पाएंगे।

## कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 77.52 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी लुढ़ककर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## रुपया आठ पैसे लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिका में मई में सेवा क्षेत्र में जबरदस्त मजबूती आने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आठ पैसे लुढ़ककर 83.53 रुपये प्रति डॉलर रह गया।वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे बढ़कर 83.42 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.53 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ।




## 1.60 लाख रुपये वाला नया स्मार्टफोन वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो लॉंच

**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी वीवो ने भारतीय बाजार में अपना नया इन्नोवेशन 'मेक इन इंडिया' वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो को आज लॉंच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 159999 रुपये है। इस नये स्मार्टफोन से वनप्लस ओपन और सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 को टक्कर मिल सकती है। वीवो एक्स फोल्ड 3 प्रो में 8.03 इंच का 2के ई7 एमोलेड डिस्प्ले है। एक्स फोल्ड3 प्रो में उद्योग-प्रथम कार्बन-फाइबर अल्ट्रा-टिकाऊ लाइटवेट हिंज है। स्क्रीन में पीक ब्राइटनेस, डॉल्बी विजन और एचडीआर 10 का सपोर्ट है। इसमें 6.53 इंच का एमोलेड कवर डिस्प्ले भी है, दोनों ही 120हर्ट्ज रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करते हैं। इसमें एलटीवीओ पैनल है, इसलिए कंटेंट के आधार पर रिफ्रेश रेट को 1हर्ट्ज से 120 हर्ट्ज के बीच एडजस्ट किया जाता है। अल्ट्रा-थिन ग्लास प्रोटेक्शन और आर्मर ग्लास कोटिंग के साथ, डिवाइस टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। यह ऑक्टा-कोर स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 एसओसी द्वारा संचालित है, जो 16जीबी तक एलपीडीडीआर5एक्स रैम और एक टीबी तक यूएफएस 4.0 स्टोरेज द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, इसमें वीवो की कस्टम वी3 इमेजिंग चिप भी शामिल है। इसमें 5700 एमएएच की बैटरी है जो 100 वॉट वायर्ड और 50 वॉट वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करती है।



## जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट उबलकर 3948 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.65 सेंट की बढ़त के साथ 43.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



# शेयर बाजार में दो दिनों की उछाल से निवेशकों की संपत्ति 21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद आई गिरावट से शेयर बाजार उबर रहा है। शेयर बाजार में दो दिनों की मजबूती के बाद निवेशकों की पूंजी में 13.22 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ है। शेयर बाजार में जारी सकारात्मक रुख के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप दो दिनों में 21,05,298.11 करोड़ रुपये बढ़ कर 4,15,89,003.38 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गया है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना के रुझान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'एग्जिट पोल' में अनुमान से कम सीट मिलने की खबरों के बीच शेयर बाजार में आई गिरावट से निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की पूंजी डूब गई थी।उल्लेखनीय है कि बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के अंत में 692.27 अंक उछल कर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक बढ़ कर 75,297.73 अंक पर पहुंच गया था। इस तरह मंगलवार की भारी गिरावट के बाद दो दिनों में बीएसई का सेंसेक्स 2,995.46 अंक बढ़ गया है।



## इस साल बिक सकते हैं रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर, 40 फीसदी तक की वृद्धि

**एजेंसी**
**अहमदाबाद।** भीषण गर्मी के कारण इस साल देशभर में रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर (एसी) बिक सकते हैं। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा, मई में एसी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। गर्मी में बिक्री में 30-40 फीसदी बढ़ सकती है। वाचानी ने कहा, बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है। बाजार विकसित होने के साथ उम्मीद है कि देश में सालाना बिक्री करीब 1.4 करोड़ इकाई होगी, जो क्षेत्र के मजबूत विस्तार को बताती है। भारतीय रिहायशी एयर कंडीशनर की बिक्री बढ़कर लगभग एक से 1.11 करोड़ इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है। आइसक्रीम-शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच कोला, पेय पदार्थ, आइसक्रीम और ठंडक प्रदान करने वाले अन्य उत्पादों की बिक्री में जोरदार तेजी आई है। पेप्सिको इंडिया और कोका कोला जैसी कंपनियों का कहना है कि मांग में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए हमने अपना भंडार (इन्वेंट्री) तैयार कर रखा है।



## एप्पल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी एनवीडिया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अमेरिका की सेमीकडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया एप्पल को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। शेयर में आई तेजी से एनवीडिया का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) उछलकर 3.011 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 251 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वहीं, एप्पल का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 250 लाख करोड़) है।

सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी की एनवीडिया कॉर्प और दुनिया की सबसे वैल्युएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के बाजार पूंजीकरण में सिर्फ 3.15 ट्रिलियन डॉलर का अंतर है। दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 3.151 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ पहले नंबर है, जबकि 3.011 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ एनवीडिया कॉर्प दूसरे स्थान पर है। एप्पल 3.003 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ तीसरे स्थान पर, अल्फाबेट (गूगल) 2.179 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ चौथे पायदान पर है, जबकि पांचवें स्थान पर अमेजन है, जिसका मार्केट कैप 1.886 ट्रिलियन डॉलर है। उल्लेखनीय है कि एनवीडिया पहले से ही दुनिया की सबसे मूल्यवान सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली फर्म है। इसके भारत में 4 इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर हैं। ये सेंटर हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम और बेंगलुरु में स्थित हैं। अमेरिकी चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया कॉर्प का शेयर 5 जून, बुधवार को 60.03 डॉलर यानी 5.16 फीसदी की तेजी के साथ 1,224.40 डॉलर (लगभग 1,86,958 रुपये) पर बंद हुआ। एपल का शेयर 0.78 फीसदी की तेजी के साथ 195.87 डॉलर पर बंद हुआ है।




## गिरनार एलीवेट समिट 2024 में हुयी कंपनियों को सशक्त बनाने पर चर्चा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** गिरनार एलिवेट समिट 2023 की शानदार सफलता के बाद, कारदेखो ग्रुप ने अपना दूसरा संस्करण - गिरनार एलिवेट समिट 2024 आयोजित किया। जून के पहले सप्ताह में जयपुर स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य शार्क टैंक इंडिया और उसके माध्यम से 30 से अधिक कंपनियों को सशक्त बनाना था, जिनमें अमित जैन ने निवेश किया था। इस समिट में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विविध सत्र शामिल थे, जो भारत 2.0 के निर्माण के लिए संस्थापकों से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए जैन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। निवेश के बाद, मार्गदर्शन और सलाह कंपनियों को विकास और सफलता प्राप्त करने के लिए खाका तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिरनार एलिवेट समिट इन कंपनियों को अपने ज्ञान को गहरा करने और सफल उद्यम बनाने के लिए अपनी रणनीतियों को परिष्कृत करने में सशक्त बनाने के लिए एक बेहतरीन मंच के रूप में कार्य करता है। कार्यक्रम के पहले दिन उद्यमियों को व्यवसाय बनाने और उसे बढ़ाने की बारीकियों को समझने में मदद करने के लिए कई तरह के सत्रों से शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कारदेखो ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक अमित जैन के एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई, जिसमें उन्होंने व्यवसायों को बढ़ाने के बारे में बताया। जैन ने सही अवसरों की पहचान करने, एक प्रभावी रणनीति तैयार करने और व्यवसाय विकास के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद कारदेखो ग्रुप के सीओओ और सह-संस्थापक अनुराग जैन ने एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने पर एक प्रेरक सत्र में अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा की। दिन ऊर्जावान सत्रों के साथ आगे बढ़ा, जिसमें एक पुरस्कार विजेता वायरल वीडियो मार्केटर द्वारा 'वायरल मार्केटिंग की कला', एक्सिस बैंक के नेताओं से स्टार्टअप वित्तपोषण की अंतर्दृष्टि, ब्लूस्टोन ज्वेलरी के संस्थापक और सीईओ द्वारा एक ऑम्नीचैनल डी2सी ब्रांड बनाने के लिए एक गाइड, और इन्फ्लेक्शन प्वाइंट वेंचर्स के नेताओं द्वारा साझा की गई धन उगाहने की रणनीतियां शामिल थीं ।




## शेयर बाजार की हलचल से गौतम अडाणी को झटका, मुकेश अंबानी आगे निकले

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के रुझानों और मतगणना के नतीजे के कारण इस सप्ताह पहले दिन से ही शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इस उतार-चढ़ाव के कारण भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी काफी प्रभावित हुए हैं। पहले 3 दिन में ही गौतम अडाणी की संपत्ति में 8 अरब डॉलर की कमी आ गई है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे रईस कारोबारियों की सूची में गौतम अडाणी खिसक कर 14वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी इस सूची में 11वें स्थान पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को बाजार में आई जोरदार गिरावट के कारण गौतम अडाणी की व्यक्तिगत संपत्ति 111 अरब डॉलर से घट कर 97.41 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि बुधवार को बाजार में तेजी आने की वजह से अडाणी की संपत्ति 5.59 अरब डॉलर बढ़ कर 103 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह मुकेश अंबानी की संपत्ति भी मंगलवार को 109 अरब डॉलर से घट कर 106.80 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई थी। लेकिन बुधवार को बाजार में आई तेजी के कारण मुकेश अंबानी की संपत्ति एक बार फिर 109 अरब डॉलर के स्तर पर आ गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में फ्रांसीसी कारोबारी और लुई वीटो (एलवीएमएच) के संस्थापक बर्नार्ड अरनॉल्ट 212 अरब की संपत्ति के साथ शिखर पर काबिज हैं। वहीं, अमेजन के जेफ बेजॉस 204 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे और टेस्ला के संस्थापक एलॉन मस्क 201 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। दुनिया के सबसे रईस कारोबारी की सूची में मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के अलावा टॉप 100 में 10 और भारतीय उद्योगपति अपना स्थान बनाने में सफल रहे हैं। इन भारतीय उद्योगपतियों में शापूरजी मिस्त्री 36.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 44वें स्थान पर, शिव नाडर 32.21 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 50वें स्थान पर, सावित्री जिंदल 32.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 51वें स्थान पर, अजीम प्रेमजी 26.3 अरब डॉलर के साथ 67वें स्थान पर, दिलीप सांघवी 24.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 77वें स्थान पर, राधाकृष्ण दमानी 23.32 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 83वें स्थान पर, सुनील मित्तल 21.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 89वें स्थान पर, कुमार मंगलम बिरला 20.71 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 94वें स्थान पर, लक्ष्मी मित्तल 20.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 99वें स्थान पर और साइरस पूनावाला 20.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 100वें स्थान पर बने हुए हैं।



## ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी का आईपीओ 10 जून को खुलेगा

**एजेंसी**
**अहमदाबाद।** ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड ('आईएक्सआईजीओ') का आईपीओ 10 जून को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में कहा है कि ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड (इक्सिगो) का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिये 10 जून को खुलेगा और 12 जून को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख सात जून शुक्रवार है। प्राइस बैंड 88 प्रति इक्विटी शेयर से 93 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 161 इक्विटी शेयरों के लिये और उसके बाद 161 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।कुल ऑफर साइज़ में एक रुपया मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है, जो कुल 120 करोड़ रुपये तक है। इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा एक रुपया अंकित मूल्य के 66,677,674 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिये ऑफर फॉर सेल भी शामिल है।




## ट्राई ने किसी तीसरे पक्ष को कॉल कर कनेक्शन काटने के लिए अधिकृत नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज कहा कि किसी भी उपभोक्ता के मोबाइल कलेक्शन काटने या सेवा समाप्त करने का संदेश देने के लिए उसने किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को ग्राहकों से संपर्क करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। ट्राई ने यहां जारी बयान में कहा कि ट्राई से होने का दावा कर इस तरह के कॉल करने और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए।

उसने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि नागरिकों को धोखाधड़ी वाले व्हाट्सएप संदेश, एसएमएस और वॉयस कॉल किए जा रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से हैं। अपराधी जाली नोटिस का उपयोग कर रहे हैं, जो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के वरिष्ठ अधिकारियों के आधिकारिक संचार जैसा दिखता है। इन नोटिसों में प्राप्तकर्ता के मोबाइल नंबर से जुड़ी अवैध गतिविधि का झूठा आरोप लगाया जाता है और उन्हें कानून प्रवर्तन से संपर्क करने या सेवा समाप्ति का सामना करने के लिए दबाव डाला जाता है। नागरिकों को यह भी धमकी दी जाती है कि अगर वे जवाब नहीं देते हैं तो उनके मोबाइल नंबर काट दिए जाएंगे। कई बार, दुर्भावनापूर्ण अभिनेता व्यक्तियों को मैलवेयर इंस्टॉल करने या फ़िशिंग लिंक पर क्लिक करने के लिए धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। ट्राई मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन के बारे में संदेशों या आधिकारिक नोटिस के माध्यम से संचार शुरू नहीं करता है।

ट्राई ने किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को ऐसे उद्देश्यों के लिए ग्राहकों से संपर्क करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। इसलिए, ट्राई से होने का दावा करने वाले और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए।

साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए, नागरिकों को दूरसंचार विभाग के संचार साथी मंच पर चक्षु सुविधा के माध्यम से संदिग्ध धोखाधड़ी वाले संचार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




# सर्राफा बाजार में कमजोरी, सस्ता हुआ सोना और चांदी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** एक दिन की बढ़त के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर गिरावट का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी सस्ता हुआ हैं। सोना आज 220 रुपये से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में आज आई इस गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये से लेकर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये से लेकर 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरवाट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी करीब 2,500 रुपये टूट कर 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## 17 देशों का प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए गठबंधन का आह्वान

**बेंगलूरू।** इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 का तीसरा संस्करण जबरदस्त आगाज के साथ बेंगलूरू में शुरू हुआ जिसमें 17 देशों से वैश्विक उद्योग नेताओं समेत 500 से अधिक हस्तियां शामिल हुईं। अमेरिका, जापान, कोरिया, जर्मनी, सिंगापुर, इस्रायल, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, यूएई एवं अन्य देशों से निवेशक, वेंचर कैपिटलिस्ट, उद्यमी शामिल रहे जिन्होंने भारत में अपने समकक्ष लोगों के साथ प्रौद्योगिकी और कारोबार से जुड़ी परिचर्चा की। आईजीआईसी 2024 के उद्घाटन सत्र में भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप के संस्थापक, वीसी एवं निवेशक, कॉरपोरेट एवं सरकारी अधिकारी, प्रौद्योगिकी एवं लोक नीति के विशेषज्ञ एक साझा मंच पर एकत्रित हुए। इन नेताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने स्टार्टअप में निवेश के लिए भारत एक पसंदीदा स्थल, डिजिटल उपभोक्ता क्रांति की लहर का दोहन, जीसीसी डायनामिक और कॉरपोरेट इन्नोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप सॉल्यूशन, भारत का अनूठा इन्नोवेशन मॉजल, विश्व के सेमीकंडक्टर की शीर्ष कंपनियों की फेरहिस्त में भारत के शामिल होने की रूपरेखा, अगले पांच वर्षों के लिए भारत के टेक्नोलॉजी भविष्य के लिए विजन समेत कई विषयों पर चर्चा परिचर्चा की। मादजा एंड मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के अध्यक्ष क्लॉड मादजा ने कहा, भारत ने डीप टेक, हेल्थ टेक, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण पैठ बनाई है और यह नवप्रवर्तन पर पहले से ही बहुत अधिक ध्यान दे रहा है एवं 21वीं सदी के स्टार्टअप्स को सहयोग कर रहा है। केंद्र में नयी सरकार को नई नीतियों की जरूरत नहीं है, बल्कि इस चरण में इसे विकास में तेजी लाने और पहले से जो हो रहा है, उसका विस्तार करना चाहिए। हम एक मोड़ पर हैं और हमारे सामने इसे पार करने और इसे और ऊंचे स्तर पर ले जाने की चुनौती है। कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम), इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव गुप्ता ने कहा, ÷बेंगलूरू ने स्वयं को एक वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज भारत के 25 प्रतिशत पंजीकृत स्टार्टअप्स कर्नाटक के बेंगलूरू में स्थित हैं और आईजीआईसी, ब्रांड बेंगलूरू के निर्माण में एक स्वभाविक साझीदार है और यह प्रौद्योगिकी, निवेश, जीटीएम, मेंटर्स और स्टार्टअप वैल्यू चेन में इसकी स्थिति मजबूत करता है। यूनिकॉर्न में सबसे बड़ी हिस्सेदारी और इस पारितंत्र में सबसे अधिक प्रतिभाओं के साथ कर्नाटक इस देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी स्थिति में है।

**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corporate Office: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurgaon-122003 Ph. 0124-4399399**

Notice is hereby given to the Public at large that the following booking of residential apartments in the Affordable Housing Project ***"ROF AALAYAS"*** being developed by M/s **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.** situated at **Sector 102, Gurugram,** Haryana vide **license no. 11 of 2014 dated 10.06.2014** has been cancelled due to non –payment of installments or allotment amount by successful allottee (s) of their apartments till its due date or any other reason, the information/ reminders of which has been given them according to terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013, dated 19/8/2013 (as amended).

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
|---|---|---|
| 11394 | 301.60, 1 BHK (TYPE-8) | F-1404 |

Therefore, all the person/allottee (s) are hereby informed to submit claims/objections in writing, if any, for the cancellation of the said apartments to the undersigned company/developer along with the relevant documents to support their claims/objections within 7 days from the date of publication hereof.

In the absence of any claim within the stipulated period above, it shall be presumed and/or deemed that the allottee (s) or concern has no such claims/objections by virtue of this notice and, if any, the same have been waived or abandoned without any reference to such claims/objections made thereafter and necessary action will be taken as per rules for the process of re-allotment.

For **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT.LTD**
**Place: Gurugram (Haryana)**

## सुबह खाली पेट Chia Seeds से करें दिन की शुरुआत, वेट लॉस के साथ ही दिल भी बनेगा सेहतमंद



**शादीशुदा महिलाओं के लिए वट सावित्री का व्रत बहुत ही खास महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूरे श्रद्धा-भाव से व्रत रखती हैं। इस साल 6 जून को ये व्रत रखा जाएगा। इस दिन बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर पूजा की जाती है और व्रत का पारण करने के लिए कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं।**

इन दिनों सेहतमंद रहने के लिए लोगों के बीच नट्स और सीड्स का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। लोग हेल्दी बने रहने के लिए विभिन्न सीड्स और नट्स को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। चिया सीड्स (Chia Seeds) इन्हीं में से एक है, जो प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह सीड्स सूजन को कम करके आपके पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। खासकर अगर आप अपने दिन की शुरुआत इन बीजों के साथ करते हैं, तो बेहद फायदा मिलता है। आइए जानते हैं सुबह खाली पेट चिया सीड्स खाने के फायदे-

दिल को बनाए सेहतमंद

चिया सीड्स हार्ट हेल्थ में योगदान देकर दिल को हेल्दी बनाता है। इसमें मौजूद हाई ओमेगा-3 कंटेंट, खासतौर पर अल्फा-लिनोलेनिक एसिड, हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करने में मदद करती है। चिया सीड्स के एंटीऑक्सीडेंट जैसे क्लोरोजेनिक एसिड हार्ट हेल्थ में सुधार करने के लिए जाने जाते हैं।

**वेट मैनेजमेंट में मदद करे**

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं या फैट घटाने वाला डाइट आजमाना चाहते हैं, तो चिया सीड्स आपके सुबह की डाइट के लिए बढ़िया विकल्प साबित हो सकता है। प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने की वजह से यह लंबे समय तक आपके पेट को भरा रखते हैं, जिससे आपकी भूख नियंत्रित रहती है। इस तरह यह आपको फिट बनाने और वजन घटाने में मदद करता है।

**पाचन स्वास्थ्य बेहतर बनाए**

डाइटरी फाइबर का एक बेहतरीन सोर्स होने की वजह से चिया सीड्स आपके लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर नियमित मल त्याग को बढ़ावा देने, कब्ज को रोकने और स्वस्थ पाचन तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में चिया सीड्स के साथ अपने दिन की शुरुआत करने से पाचन और अच्छी गट हेल्थ बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

**एनर्जी बढ़ाए**

चिया सीड्स आपके ब्लड शुगर के लेवल को बढ़ाए बिना लंबे समय तक आपको एनर्जी प्रदान करते हैं। इसमें मौजूद हाई फाइबर कंटेंट के कारण पानी के साथ मिक्स होने पर यह एक जेल जैसी स्थिरता बनाता है। जेल पाचन प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करता है और आपको निरंतर ऊर्जा देने में मदद करता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर**

छोटे-छोटे दिखने वाले चिया सीड्स ढेर सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो आपके शरीर के लिए गुणकारी होते हैं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटी ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल आदि भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ऐसे में सुबह-सुबह चिया सीड्स को डाइट में शामिल करने से आप अपने दिन की शुरुआत पोषक तत्वों के साथ कर सकते हैं, जिससे आपको पूरे दिन ऊर्जा और पोषण मिलेगा।

# राम नगरी अयोध्या में आखिर किन कारणों से हारी भाजपा ?

कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर गुजरता है, लेकिन दिल्ली के रास्ते में पीएम नरेंद्र मोदी के लिए सबसे बड़ा अवरोध लखनऊ बन गया। इस बार के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को उत्तर प्रदेश में करारी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के आम चुनाव में अयोध्या में अपनी पकड़ कायम ना रख सकी। जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी टाट-पट्टी में रहते थे तो बीजेपी अयोध्या में राम की गरिमा मय देवत्थान बनाने के संकल्प को लेकर दो सदस्य संख्या को बढ़ाते-बढ़ाते कई बार प्रदेश और केंद्र में अपना बहुमत बना कुशल पूर्वक सरकार चलाई थी। वर्तमान में माननीय नरेंद्र मोदी जैसे कुशल प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ जी जैसे मुख्यमंत्री को जनता की सेवा का अवसर पाने में अयोध्या की पुनर्स्थापना में महत्व पूर्ण भूमिका रही। देश प्रदेश तथा अंतराष्टीय जगत में इस प्रकरण को बहुत ही अहमियत मिली, परन्तु 2024 के आम चुनाव में भाजपा ने अपनी स्थिति बरकरार बनाए रखने में विफल रही । उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट सीट बनी फैजाबाद-अयोध्या लोकसभा सीट तथा उससे लगे हुए अंबेडकर नगर, बस्ती, खलीलाबाद सुलतानपुर, अमेठी, रायबरेली और गोंडा आदि पर भी भारतीय जनता पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। यूपी के सियासी मैदान में अखिलेश यादव और राहुल गांधी एक साथ आए। एक बार पहले भी आए थे तब ये कामयाब नहीं हो सके थे लेकिन इस बार की अपने मकसद में कामयाब होते देखे जा रहे हैं। भाजपा पिछले एक दशक में सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद विजय प्राप्त कर चुके हैं। इसके कारणों और परिस्थितियों पर एक बार विहंगम दृष्टि डालना अनुचित ना होगा।

**चुनाव हारने के प्रमुख कारण-**

1.माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अतिसक्रियता-

जब देश और प्रदेश के मुखिया जहां ज्यादा सक्रिय रहेंगे वहां स्थानीय सांसद और विधायक की पकड़ ढीली हो जायेगी। वह लोगों में अपनी इमेज नहीं बना पाएगा। वह आम जनता से दूर होता जायेगा। इस कारण एसटी स्थानीय सांसद और विधायक अपना कर्तव्य बखूबी से निभाने में विफल रहे।

2. पुराने जन प्रतिनिधियों का सहयोग ना ले पाना-

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि अयोध्या आंदोलन के प्रणेता माननीय आडवाणी जी, विनय कटियार जी, उमा भारती जी, रितंभरा जी, मुरली मनोहर जोशी जी, कल्याण सिंह जी आदि का सहयोग नहीं लिया गया। सब कोई प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सक्रियता के कारण अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन ना कर सके।



3. विकास योजनाएं जनता को पसन्द नहीं-

अयोध्या में रामलला मंदिर के निर्माण के साथ करोड़ों की विकास योजनाओं को पूरा कराया गया। पिछले दिनों पीएम मोदी ने 15,700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया था। अयोध्या में भव्य रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण किया गया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्?डा का विकास किया गया। अयोध्या रामलला मंदिर के साथ-साथ सड़कों से लेकर गलियों तक को दुरुस्त किया गया। अयोध्या में विकास करना कोई काम नहीं आया। अयोध्या में 2017 के बाद से हर साल दिवाली पर दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों का भी प्रभाव नहीं दिखा। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को रामलला के मंदिर की आधारशिला रखने अयोध्या आए। कोरोना के खतरे के बीच रामलला का मुद्दा देश भर में गरमाया। 22 जनवरी को इस साल रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस समारोह में भाग लेने पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। उनके साथ-साथ देश भर से विशिष्ट लोगों का यहां आगमन हुआ। ये सब जन आयोजन ना होकर सरकारी आयोजन बन गए।

4. राम लहर काम ना आई-

राम मंदिर का मुद्दा वैसे तो पूरे देश के लिए अहम था, लेकिन उत्तर प्रदेश के लिहाज से कुछ सीटों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव था। अब फैजाबाद सीट तो केंद्र में थी ही, इसके अलावा गोंडा, कैसरगंज, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बस्ती सीट पर भी राम मंदिर का काफी प्रभाव था। यह सारी सीटें फैजाबाद के आसापास ही पड़ती हैं, ऐसे में माना जा रहा था यहां से बीजेपी को ज्यादा चुनौती नहीं रही। इस क्षेत्र के चुनावी नतीजों ने सभी को हैरान कर दिया है। जिस अयोध्या को लगातार राम नगरी कहकर संबोधित किया गया, जहां पर सबसे ज्यादा बीजेपी ने राम के नाम पर वोट मांगा, उसी सीट को राम विरोधी समाजवादी पार्टी ने हथिया लिया है।

5. ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा, फोकस सिर्फ अयोध्या धाम पर-

बीजेपी ने अयोध्या धाम के विकास पर सबसे ज्यादा फोकस किया। सोशल मीडिया से लेकर चुनाव-प्रचार में अयोध्या धाम में हुए विकास कार्यों को बताया गया लेकिन बीजेपी ने अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अयोध्या धाम से अलग ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर बिल्कुल अलग रही। ग्रामीणों ने इसी आक्रोश के चलते बीजेपी के पक्ष में मतदान नहीं किया।

6. जमीनों का अधिग्रहण-

अयोध्या में रामपथ के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया। कई लोगों के घर-दुकान तोड़े गए। निराशाजनक पहलू यह रहा कि कई लोगों को मुआवजा नहीं मिला। इसकी नाराजगी चुनाव परिणाम में साफ नजर आ रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण में भी देखने को मिली। बड़ी संख्या में घर-दुकान तोड़े गए लेकिन प्रभावितों को उचित नहीं मिला।

7. प्रत्याशी को एंटी इन्कंबैंसी का असर-

निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह के खिलाफ क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर थी। लोगों की नाराजगी उनके क्षेत्र में मौजूदगी को लेकर थी। उम्मीदवार से लोगों की नाराजगी उन्हें ले डूबी। उम्मीदवार के प्रति यह गुस्सा लोगों के भीतर बदलाव के रूप में उभरने लगा। वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और बड़े-बड़े मठों से तो जुड़े पर छोटे तपकों से दूर होते गए।

स्थानीय प्रत्याशी लल्लू सिंह के प्रति लोगो की बहुत नाराजगी रही। बीजेपी हाई कमान ने सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा था। यह निर्णय लोगों को अनुकूल ना लगा। भाजपा उम्मीदवार लगातार 10 साल से सांसद थे। उनको बदले जाने का दबाव स्थानीय स्तर के नेताओं की ओर से भी बनाया जा रहा था। इसके बाद भी भाजपा ने इस पर ध्यान नहीं दिया। नया चेहरा ना उतरना ही बीजेपी को यहां भारी पड़ गया। लल्लू सिंह के खिलाफ स्थानीय लोगों को नाराजगी का अंदाजा पार्टी नहीं लगा पाई। नतीजतन बीजेपी को प्रतिष्ठित सीट गंवानी पड़ी। लल्लू सिंह ने चुनाव-प्रचार के दौरान संविधान बदलने का बयान भी दिया था। बयान पर काफी हो-हल्ला मचा था।

8.आवारा पशु को लेकर नाराजगी- -

अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान आवारा पशुओं से खासे परेशान रहे हैं। सरकार ने गोशाला जरूर बनाई हैं लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकाल पाई है। आवारा पशुओं के मुद्दे को समाजवादी पार्टी ने मुद्दा बनाया था। बीजेपी को इस मुद्दे पर नाराजगी झेलनी पड़ी और हार का दंश झेलना पड़ा।

9. जनरल सीट पर दलित उम्मीदवार उतरना-

जातीय समीकरण को साधने में भाजपा सफल नहीं हो पाई। अखिलेश यादव इस सीट पर पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए को एकजुट करने में सफल हो गए। यह भाजपा की हार का कारण बन गई। समाजवादी पार्टी ने एक बड़ा प्रयोग करते हुए मंदिरों के इस शहर से एक दलित को उम्मीदवार बनाया था। उसकी यह रणनीति काम कर गई ।

10.जातिगत समीकरण हावी -

अयोध्या के जानकारों के मुताबिक जातिगत समीकरण और अयोध्या के विकास के लिए जमीनों का अधिग्रहण को लेकर जनता में जबरदस्त नाराजगी है। इसके साथ ही कांग्रेस का आरक्षण और संविधान का मुद्दा काम कर गया। लल्लू यादव का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो संविधान में बदलाव के लिए बीजेपी को 400 से अधिक सीटें जिताने की बात कर रहे थे। वहीं बसपा का कमजोर होना भी सपा की बढ़त में बड़ा काम किया।

11. मुस्लिम वोटरो की एकजुटता

कांग्रेस-सपा के जिस गठबंधन को 2017 में नहीं चल पाया था, वह गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में जमकर वोट बटोरे हैं।

## संपादकीय

## लौट रहा है गठबन्धन सरकारों का दौर

10 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी का एकछत्र शासन, खासकर 2019 से 2024 तक देखने के बाद लगता है कि देश में फिर से गठबन्धन सरकारों के दिन लौट रहे हैं। मोदी के शासन करने के तरीके ने यह सबक देशवासियों को दिया है कि गठबन्धनों से परहेज करना ठीक नहीं है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिये यह व्यवस्था, वह भी वर्तमान परिस्थितियों में सम्भवत- एक दल के पूर्ण बहुमत वाली सरकार से बेहतर हो सकती है। 18वीं लोकसभा के लिये हुए चुनावों के जो परिणाम आये हैं, उसके बाद यह तो साफ है कि अगली सरकार जो भी बनेगी वह गठबन्धन की होगी। ऐसी सरकारों के बारे में कायम पूर्वाग्रहों और कुछ पैमाने में उनका भारत में जो भी इतिहास रहा हो, अगर वह सब दरकिनार कर दिया जाये तो देशवासियों के हित में यह बुरा सौदा नहीं हो सकता।

2014 में मोदी की अगुवाई में डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दो कार्यकाल पूरे कर चुकी जिस यूपीए सरकार को हटाया गया था, वह भी एक गठजोड़ ही था। ऐसा गठजोड़ जिसने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व में चल रही नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की सरकार को हटाया था। एकछत्र राज करने की चाहत में मोदी ने जहां एक ओर अपने विपक्षी दलों को साफ करने की कोशिश की, तो वहीं अपने सहयोगी दलों को भी समाप्त कर दिया। कुछ दलों को तो तोड़ ही दिया। भाजपा की अति महत्वाकांक्षा और मोदी की एकाधिकार की प्रवृत्ति ने एक सामंजस्यपूर्ण कार्य प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। पहली बार (2014-19) तो उन्होंने सहयोगी दलों के सदस्यों का थोड़ा बहुत सम्मान किया और उन्हें सत्ता में भागीदारी दी परन्तु दूसरे कार्यकाल में जब उन्हें अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिल गया तो उन्होंने उन दलों को न केवल दरकिनार किया वरन उनकी जमीनें हथियाने की भी कोशिश की। महाराष्ट्र में शिवसेना को दो-फाड़ किया और उसकी सरकार गिरा दी। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से उनकी पटरी नहीं बैठी।

1977 में पहली बार भारत ने जनता पार्टी की गठबन्धन सरकार देखी थी। मोरारजी देसाई उसके प्रधानमंत्री बने थे। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। मध्यावधि चुनाव हुए और 1980 में इंदिरा गांधी सत्ता में लौटीं। इसके पहले कुछ समय के लिये कांग्रेस के समर्थन से चौधरी चरण सिंह की सरकार भी बनी लेकिन वह लम्बा चलने में असफल रही थी। इसके कारण गठबन्धन सरकारों को लेकर लोगों के मन में आशंका बैठ गयी। मान लिया गया कि ऐसी सरकारें टिकाऊ नहीं होतीं।

हालांकि इसकी दूसरी वजहें थीं, पर विरोधी दलों के लिये यह जुमला चल पड़ा कि %डिवाइडेड दे स्टैंड, यूनाइटेड दे फॉल (विभाजित रहते वे मजबूत होते हैं, इकट्ठे धराशायी)। 1989 में एक और अवसर आया जब 400 पार वाली परन्तु बोफोर्स के कारण बदनाम हुई राजीव गांधी की मजबूत सरकार को उसी में वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री रहे वीपी सिंह के नवगठित जनता दल ने परास्त किया था। हालांकि उस चुनाव में सर्वाधिक सीटें कांग्रेस को ही आई थीं लेकिन 1984 के मुकाबले काफी कम थीं। इसे राजीव ने अपनी नैतिक पराजय माना था और सरकार बनाने से इंकार कर दिया था। वी पी सिंह आगे बढ़े थे। उन्हें भाजपा के साथ कुछ प्रगतिशील दलों ने समर्थन दिया था। मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के चलते भाजपा द्वारा समर्थन खींच लेने से यह सरकार भी गिर गयी तथा कुछ समय के लिये चंद्रशेखर पीएम बने। वह कांग्रेस के समर्थन से चले पर राजीव के बंगले की हरियाणा पुलिस के दो कांस्टेबलों द्वारा जासूसी कराये जाने के आरोप में कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया था। इंद्रकुमार गुजराल एवं एच डी देवेगौड़ा जैसों द्वारा भी गठबन्धन सरकारें चलाने का इतिहास इसी देश का है।

पहली बार वाजपेयी सरकार ने 1999 से 2004 तक का कार्यकाल पूरा किया था जो कि मिली-जुली सरकार थी। हालांकि इसके पहले वे एक बार 13 दिन और दूसरी बार 13 माह की गठबन्धन सरकारें चला चुके थे। इसकी मुख्य विशेषता यह थी कि सरकार उनकी दो बार गिरी लेकिन गठबन्धन अटूट रहा। सहयोगी दल साथ बने रहे। इसने यह लोकतांत्रिक प्रशिक्षण दिया कि पराजय में बिखरना नहीं है और मिलकर सरकार बनाने के प्रयास करते रहने हैं। वाजपेयी भी वैसे ही कट्टर हिन्दू और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उतने ही समर्पित कार्यकर्ता थे जितने कि नरेन्द्र मोदी। जब तक वे सरकार चलाते रहे उन्होंने अपनी विचारधारा को एक किनारे रख दिया था। उन्होंने अपने साथ जॉर्ज फर्नांडीज, नीतीश कुमार, शरद यादव जैसे समाजवादियों को भी रखा, पाकिस्तान की यात्रा की और जिस गोधरा कांड में बड़ी संख्या में मुस्लिम मारे गये व बलात्कार हुए थे, उसके होने पर इन्हीं मोदी को राजधर्म का पालन करने की सरेआम नसीहत भी दी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे।मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह मिथक टूटा कि गठबन्धन सरकारें काम नहीं करतीं। ग्रामीण गरीबी दूर करने के लिये मनरेगा, भोजन का अधिकार, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे नायाब कार्यक्रम इसी गठबन्धन सरकार की सौगातें हैं।

# जनता का डंका बज गया

भाजपा के अलावा दूसरे दलों के भी उन तमाम अहंकारी नेताओं को जवाब मिल गया है, जिन्होंने खुद को जनतंत्र से ऊपर समझने की गलती की। अपनी कमजोरियों को सहजता से स्वीकार नहीं किया और न ही सही सलाह देने वालों को सुनने की समझदारी दिखाई। इंडिया गठबंधन में भी कई नेता ऐसे ही अतिआत्मविश्वास और घमंड का शिकार रहे।

नरेन्द्र मोदी का हमेशा दावा रहा है कि दुनिया में उनका डंका बजता है। लेकिन 4 जून को जब 18वीं लोकसभा के नतीजे आए तो नरेन्द्र मोदी देश तक में अपने नाम का डंका नहीं बजवा पाए। जबकि भाजपा ने पूरा चुनाव मोदी नाम के इर्द-गिर्द ही लड़ा। वाराणसी में ले-देकर नरेन्द्र मोदी अपनी सीट बचा पाए। दो बार का प्रधानमंत्री होने के बावजूद वे आसान जीत नहीं दर्ज कर पाए, ना ही बड़े अंतर से सीट जीती।

महज डेढ़ लाख वोट का अंतर हार और जीत का रहा। उनसे अधिक वोट राहुल गांधी रायबरेली में ले आए, जबकि स्मृति ईरानी और नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी को वायनाड और रायबरेली दोनों से भगाने का दावा करते रहे। खैर, नरेन्द्र मोदी ने राहुल गांधी ही नहीं भारतीय जनता को समझने में भी भूल की। उन्हें लगा होगा कि वे एक तरफ निम्न स्तर के भाषणों से विपक्ष पर प्रहार करते रहेंगे और दूसरी तरफ विभिन्न वेषभूषाओं में पूजा-पाठ करते दिखेंगे तो जनता इससे प्रभावित होगी। यहीं वे चूक कर गए, क्योंकि इस देश की आम जनता के पास वो पैनी नजर है जिससे वो असलियत और दिखावे का फर्क कर लेती है। पांच किलो अनाज लेने के लिए लाइनों में खड़े 85 करोड़ लोगों की जेबें बेशक खाली रहीं, लेकिन सामान्य समझ भरी-पूरी रही। जिससे वे समझ गए कि उन्हें इस तरह लाइनों में खड़ा करने का जिम्मेदार कौन है।

क्यों उनके जवान बच्चे काम पर नहीं जाते, लेकिन धार्मिक जुलूसों या कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनते हैं और बाकी खाली वक्त में बेरोजगारी की कुंठा और तनाव से गुजरते हैं। जो सरकार हजारों करोड़ का भव्य मंदिर बनवा सकती है, जो बिना जरूरत के सेंट्रल विस्टा का निर्माण करती है, वो रोजगार देने वाले उद्यमों को खड़ा क्यों नहीं करती। जय जवान और जय किसान वाले इस देश में जवानों और किसानों की दुर्दशा किन कारणों से हुई, ऐसे कई सवालों का जवाब जनता ने बीते वर्षों में खुद से तलाश कर लिया था। इसलिए इस बार उसने ऐसा जनादेश दिया कि फिर कोई नेता यह बड़बोलापन न कर सके कि एक अकेला सब पर भारी है। लोकतंत्र में एक अकेले के लिए न कभी कोई जगह थी, न रहेगी, ये बड़ा संदेश इन चुनावों में जनता ने दे दिया।

पाठकों को भाजपा का घोषणापत्र याद होगा ही, जिसमें भाजपा के



राष्टीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से कहीं ज्यादा तस्वीरें नरेन्द्र मोदी की थीं और जनता से किए वादों को मोदी की गारंटी के नाम से ही पेश किया गया। चुनावों में सबसे अधिक प्रचार भी नरेन्द्र मोदी ने ही किया। कई महीनों से वे दिल्ली में अपने प्रधानमंत्री कार्यालय में कम और चुनाव क्षेत्रों में ज्यादा नजर आए। 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी मैं ही झंडा फहराने आऊंगा। यह सीधे-सीधे भारतीय जनता के विवेक और लोकतांत्रिक अधिकारों को चुनौती थी कि तुम्हारी मर्जी अब मायने नहीं रखती, केवल मेरे मन की बात का महत्व है। इसके बाद 5 फरवरी 2024 को संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान कर दिया कि एनडीए को 4 सौ के ऊपर और अकेले भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी। यह दावा देश के मिज़ाज भांपने के दम पर किया गया था।चुनाव प्रक्रिया शुरु हुई नहीं थी कि नरेन्द्र मोदी ने यह बताना शुरु कर दिया कि कितने देश उन्हें अभी से जून के बाद होने वाले कार्यक्रमों के लिए बतौर प्रधानमंत्री न्यौता दे रहे हैं। अर्थात न केवल उन्हें बल्कि दुनिया को भी यकीन है कि आएगा तो मोदी ही। जी हां, यही नारा भाजपा में मोदी समर्थकों की जुबां पर हमेशा रहा है। ये नारा अपने आप में खासा अलोकतांत्रिक है। लेकिन जिनके सरोकारों में लोकतंत्र दूर-दूर तक न हो, उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है।

इस देश को लोकतंत्र और संविधान बचाने की सारी अपेक्षाएं विपक्ष से ही थीं। क्योंकि देश ने यह मंजर भी देख लिया कि कैसे एक के बाद एक करते-करते सौ से अधिक सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया। किस तरह संसद के नए भवन के भीतर धुआं फैलाने की घटना हो गई। जिसे हमला ही कहा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें जान-माल की हानि तो नहीं हुई, लेकिन संसद की मर्यादा पर वार तो किया ही गया था। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगता रह गया, मगर जैसे पुराने सारे सवाल संसद की दीवारों से टकराकर लौट गए, वैसा ही इस मुद्दे पर भी हुआ। देश देख रहा था कि पिछले दस सालों में संसद लोकतंत्र का मंच नहीं रह गया, मन की बात करने का अड्डा बन गया है। जहां कई बड़े फैसले, महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी चर्चा के केवल बहुमत के दम पर पारित कर लिए गए। पुरानी संसद में, आजादी के बाद जब देश निर्माण के साथ-साथ संविधान निर्माण का काम हो रहा था तो एक-एक धारा, अनुच्छेद, बिंदु पर गंभीर विमर्श होते थे, भारत के विविधताओं से भरे संसार को सहेजने की कोशिश होती थी ताकि हर किसी का आत्मगौरव और सम्मान कायम रहे, भले ही वह अल्पसंख्यक हो या बहुसंख्यक। पिछले दस बरसों में इसी संविधान को धता बताने का काम शुरु हो गया। आम भारतीय की भावनाओं, अधिकारों और हितों से मानो सरकार का कोई लेना-देना ही नहीं रहा। जिस फैसले से सत्ता मजबूत हो, उद्योगपति मित्रो का हित साधन हो, बस वही फैसले लिए जाते रहे।

इस नकारात्मकता से भरे माहौल में वह भारत बेहद तेजी से खत्म होता जा रहा था, जिसके बारे में अल्लामा इकबाल ने कहा था कि कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-जमां हमारा। इस माहौल के बारे में राहुल गांधी ने अपनी पहली भारत जोड़ो यात्रा में देश को सचेत किया। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान, जैसी बात महज नारा नहीं था, अपने आप में पूरा दर्शन था, जिसमें भारत की हस्ती को न मिटने देने का संकल्प था। इस संकल्प में देश की जनता ने राहुल गांधी का साथ दिया, उसके साथ-साथ विपक्ष के कई दलों ने अपना समर्थन दिया।

नतीजा यह रहा कि इंडिया गठबंधन एक मजबूत विकल्प के तौर पर सियासी मंच पर उभर गया। जो लोग मोदी नहीं तो कौन जैसा बेमानी सवाल उठाते रहे, उन्हें सटीक जवाब मिल गया कि हर बार मोदी ही हों, यह बिल्कुल भी जरूरी नहीं है।प्रधानमंत्री की कुर्सी पर ऐसा कोई भी शख्स बैठ सकता है, जिसके दल या गठबंधन ने बहुमत हासिल किया हो और फिर उसके दल या गठबंधन के लोगों ने उसे प्रधानमंत्री पद पर बिठाया हो। नरेन्द्र मोदी और उनके पहले के सारे प्रधानमंत्री इसी तरह इस कुर्सी पर बैठे, लेकिन न जाने किस मकसद से भाजपा ने यह सवाल उठाना शुरु कर दिया कि मोदी नहीं तो कौन।

बहरहाल, अब भाजपा को जवाब तो मिल ही गया है, और भाजपा के अलावा दूसरे दलों के भी उन तमाम अहंकारी नेताओं को जवाब मिल गया है, जिन्होंने खुद को जनतंत्र से ऊपर समझने की गलती की। अपनी कमजोरियों को सहजता से स्वीकार नहीं किया और न ही सही सलाह देने वालों को सुनने की समझदारी दिखाई। इंडिया गठबंधन में भी कई नेता ऐसे ही अतिआत्मविश्वास और घमंड का शिकार रहे। जिसका नुकसान विपक्ष को उठाना पड़ा। अब जबकि देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण 18वीं लोकसभा का चुनाव खत्म हो गया है, नतीजे आ गए हैं, गलतियां पता चल गई हैं और जनता की ताकत भी सामने आ गई है, उम्मीद है अहंकारी नेता आत्ममंथन करेंगे और समझेंगे कि लोकतंत्र में डंका जनता का ही बजता है।

# प्रकृति के पाँच स्वरूपों में से एक गायत्री




भगवती गायत्री नित्यसिद्ध परमेश्वरी हैं। किसी समय ये सविता (सूर्य) की पुत्री के रूप में अवतीर्ण हुई थीं, इसलिए इनका नाम सावित्री पड़ गया। कहते हैं कि सविता के मुख से इनका प्रादुर्भाव हुआ था। भगवान सूर्य ने इन्हें ब्रह्माजी को समर्पित कर दिया। तभी से इनकी ब्रह्माणी संज्ञा हुई। कहीं-कहीं सावित्री और गायत्री के पृथक-पृथक स्वरूपों का भी वर्णन मिलता है। इन्होंने ही प्राणों का त्राण किया था, इसलिए भी इनका गायत्री नाम प्रसिद्ध हुआ।

भगवती गायत्री आद्याशक्ति प्रकृति के पांच स्वरूपों में एक मानी गयी हैं। इनका विग्रह तपाये हुए स्वर्ण के समान है। यही वेदमाता कहलाती हैं। वास्तव में भगवती गायत्री नित्यसिद्ध परमेश्वरी हैं। किसी समय ये सविता (सूर्य) की पुत्री के रूप में अवतीर्ण हुई थीं, इसलिए इनका नाम सावित्री पड़ गया। कहते हैं कि सविता के मुख से इनका प्रादुर्भाव हुआ था। भगवान सूर्य ने इन्हें ब्रह्माजी को समर्पित कर दिया। तभी से इनकी ब्रह्माणी संज्ञा हुई। कहीं-कहीं सावित्री और गायत्री के पृथक-पृथक स्वरूपों का भी वर्णन मिलता है। इन्होंने ही प्राणों का त्राण किया था, इसलिए भी इनका गायत्री नाम प्रसिद्ध हुआ। उपनिषदों में भी गायत्री और सावित्री की अभिन्नता का वर्णन है- गायत्रीमेव सावित्रीमनुब्रूयात।

गायत्री ज्ञान-विज्ञान की मूर्ति हैं। ये द्विजातिमात्र की आराध्या देवी हैं। इन्हें परब्रह्मस्वरूपिणी कहा गया है। वेदों, उपनिषदों और पुराणादि में इनकी विस्तृत महिमा का वर्णन मिलता है। गायत्री की उपासना तीनों कालों में की जाती है, प्रात:, मध्यान्ह और सायं। तीनों कालों के लिए इनका पृथक-पृथक ध्यान है। प्रात:काल ये सूर्यमण्डल के मध्य में विराजमान रहती हैं, उस समय इनके शरीर का रंग लाल रहता है। ये अपने दोनों हाथों में क्रमश: अक्षसूत्र और कमण्डलु धारण करती हैं। इनका वाहन हंस है तथा इनकी कुमारी अवस्था है। इनका यही स्वरूप ब्रह्मशक्ति गायत्री के नाम से प्रसिद्ध है। इसका वर्णन ऋग्वेद में प्राप्त होता है। मध्यान्हकाल में इनका युवा स्वरूप है। इनकी चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। इनके चारों हाथों में क्रमश: शंख, चक्र, गदा और पद्म शोभा पाते हैं। इनका वाहन गरुड है। गायत्री का यह स्वरूप वैष्णवी शक्ति का परिचायक है। इस स्वरूप को सावित्री भी कहते हैं। इसका वर्णन यजुर्वेद में मिलता है। सायंकाल में गायत्री की अवस्था वृद्धा मानी गयी है। इनका वाहन वृषभ है तथा शरीर का वर्ण शुक्ल है। ये अपने चारों हाथों में क्रमश: त्रिशूल, डमरू, पाश और पात्र धारण करती हैं। ये रुद्र शक्ति की परिचायिका हैं। इसका वर्णन सामवेद में प्राप्त होता है।

इस प्रकार गायत्री, सावित्री और सरस्वती एक ही ब्रह्मशक्ति के नाम हैं। इस संसार में सत्-असत् जो कुछ हैं, वे सब ब्रह्मस्वरूपा गायत्री ही हैं। भगवान व्यास कहते हैं- जिस प्रकार पुष्पों का सार मधु, दूध का सार घृत और रसों का सार पाय है, उसी प्रकार गायत्री मंत्र समस्त वेदों का सार है। गायत्री वेदों की जननी और पाप विनाशिनी हैं, गायत्री मंत्र से बढ़कर अन्य कोई पवित्र मंत्र पृथ्वी पर नहीं है। गायत्री मंत्र ऋग्, यजु, साम, काण्व, कपिष्ठल, मैत्रायणी, तैत्तिरीय आदि सभी वैदिक संहिताओं में प्राप्त होता है, किंतु सर्वत्र एक ही मिलता है। इसमें चौबीस अक्षर हैं। मंत्र का मूल स्वरूप इस प्रकार है- तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नरू प्रचोदयात! अर्थात् सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परमात्मा के प्रसिद्ध वरणीय तेज का हम ध्यान करते हैं, वे परमात्मा हमारी बुद्धि को सत् की ओर प्रेरित करें। याज्ञवल्क्य आदि ऋषियों ने जिस गायत्री भाष्य की रचना की है वह इन चौबीस अक्षरों की विस्मृत व्याख्या है। इस महामंत्र के दृष्टा महर्षि विश्वामित्र हैं। गायत्री मंत्र के चौबीस अक्षर तीन पदों में विभक्त हैं। अत: यह त्रिपदा गायत्री कहलाती है। गायत्री दैहिक, दैविक, भौतिक त्रिविध तापहन्त्री एवं परा विद्या की स्वरूपा हैं। यद्यपि गायत्री के अनेक रूप हैं, परन्तु शारदातिलक के अनुसार इनका मुख्य ध्यान इस प्रकार है- भगवती गायत्री के पांच मुख हैं, जिन पर मुक्ता, वैदूर्य, हेम, नीलमणि तथा धवल वर्ण की आभा सुशोभित है, त्रिनेत्रों वाली ये देवी चंद्रमा से युक्त रत्नों का मुकुट धारण करती हैं तथा आत्मतत्व की प्रकाशिका हैं। ये कमल के आसन पर आसीन होकर रत्नों के मुकुट धारण करती हैं। इनके दस हाथों में क्रमश: शंख, चक्र, कमलयुगम, वरद तथा अभयमुद्रा, कोड़ा, अंकुश, शुभ्र कपाल और रुद्राक्ष की माला सुशोभित है। ऐसी भगवती गायत्री का हम भजन करते हैं।

# धनवान और ऊंचे पद पर होते हैं दसवें नक्षत्र में जन्मे व्यक्ति



ज्योतिष शास्त्र में केतु को भले ही अशुभ ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है लेकिन इसके नक्षत्र में जन्म लेने वाला व्यक्ति बड़ा ही भाग्यशाली होता है। ये काफी चतुर होते हैं और कूटनीति चाल चलने में माहिर होते हैं। ज्योतिषशास्त्र में बताया गया है कि 27 नक्षत्रों में 10 नक्षत्र मघा है। इस नक्षत्र का चिन्ह शाही सिंहासन वाला कमरा होता है। इस नक्षत्र के चारों चरण सिंह राशि में होते हैं इसलिए मघा नक्षत्र में जन्म लेने व्यक्तियों पर सूर्य का प्रभाव रहता है। मघा नक्षत्र में जन्म लेने वाले व्यक्ति बहुत ही महत्वाकांक्षी होते हैं। यह जहां भी रहते हैं अपना दबदबा बनाकर रखते हैं।

इनके लिए स्वभिमान सबसे बड़ा धन होता है और इसके साथ कभी समझौता नहीं करते हैं। इनमें समाज में उच्चवर्ग के लोगों से संपर्क बनाए रखने की चाहत होती है। सरकार और सरकारी तंत्र से निकटता बनाए रखते हैं। आर्थिक मामलों में यह काफी समझदारी से काम लेते हैं। जहां से धन का लाभ दिखता है वहां मौके का फायदा उठाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। आमतौर पर इस नक्षत्र में जन्म लेने वाले व्यक्ति ऊंचे पद पर होते हैं और इनका घर धन-धान्य से संपन्न होता है। हर तरह के भौतिक साधनों का उपभोग करते हैं।

पारिवारिक परंपराओं के प्रति इनमें आदर का भाव होता है और उसे दिल से निभाते हैं। दान-दक्षिणा देना इन्हें पसंद होता है। इनके स्वभाव की एक बड़ी विशेषता यह होती है कि जहां काम करते हैं वहां लंबे समय तक टिक कर काम करते हैं। बार-बार नौकरी बदलना पसंद नहीं करते हैं। अधिकारियों के साथ इनका अच्छा तालमेल बना रहता है। मघा नक्षत्र में जन्म लेने वाली महिलाएं साहसी और स्पष्टवादी होती हैं। इनकी महत्वाकांक्षा बहुत ऊंची होती है। मघा नक्षत्र के जातकों को रक्त संबंधी रोग एवं अस्थमा की आशंका रहती है।

# बिना धड़ के सिर ने देखा पूरा महाभारत और युद्ध का निर्णायक बना

बात उस समय कि है जब महाभारत का युद्ध आरंभ होने वाला था। भगवान श्री कृष्ण युद्ध में पाण्डवों के साथ थे जिससे यह निश्चित जान पड़ रहा था कि कौरव सेना भले ही अधिक शक्तिशाली है लेकिन जीत पाण्डवों की होगी।

ऐसे समय में भीम का पौत्र और घटोत्कच का पुत्र बर्बरीक ने अपनी माता को वचन दिया कि युद्ध में जो पक्ष कमज़ोर होगा वह उनकी ओर से लड़ेगा बर्बरीक ने महादेव को प्रसन्न करके उनसे तीन अजेय बाण प्राप्त किये थे। भगवान श्री कृष्ण को जब बर्बरीक की योजना का पता चला तब वह ब्राह्मण का वेष धारण करके बर्बरीक के मार्ग में आ गये।


श्री कृष्ण ने बर्बरीक का मजाक उड़ाया कि, वह तीन वाण से भला क्या युद्ध लड़ेगा। कृष्ण की बातों को सुनकर बर्बरीक ने कहा कि उसके पास अजेय बाण है। वह एक बाण से ही पूरी शत्रु सेना का अंत कर सकता है। सेना का अंत करने के बाद उसका बाण वापस अपने स्थान पर लौट आएगा।

इस पर श्री कृष्ण ने कहा कि हम जिस पीपल के वृक्ष के नीचे खड़े हैं अपने बाण से उसके सभी पत्तों को छेद कर दो तो मैं मान जाउंगा कि तुम एक बाण से युद्ध का परिणाम बदल सकते हो। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार करके, भगवान का स्मरण किया और बाण चला दिया। पेड़ पर लगे पत्तों के अलावा नीचे गिरे पत्तों में भी छेद हो गया। इसके बाद बाण भगवान श्री कृष्ण के पैरों के चारों ओर घूमने लगा क्योंकि एक पत्ता भगवान ने अपने पैरों के नीचे दबाकर रखा था। भगवान श्री कृष्ण जानते थे कि युद्ध में विजय पाण्डवों की होगी और माता को दिये वचन के अनुसार बर्बरीक कौरावों की ओर से लड़ेगा जिससे अधर्म की जीत हो जाएगी।

इसलिए ब्राह्मण वेषधारी श्री कृष्ण ने बर्बरीक से दान की इच्छा प्रकट की। बर्बरीक ने दान देने का वचन दिया तब श्री कृष्ण ने बर्बरीक से उसका सिर मांग लिया। बर्बरीक समझ गया कि ऐसा दान मांगने वाला ब्राह्मण नहीं हो सकता है। बर्बरीक ने ब्राह्मण से कहा कि आप अपना वास्तविक परिचय दीजिए। इस पर श्री कृष्ण ने उन्हें बताया कि वह कृष्ण हैं।

सच जानने के बाद भी बर्बरीक ने सिर देना स्वीकार कर लिया लेकिन, एक शर्त रखी कि, वह उनके विराट रूप को देखना चाहता है तथा महाभारत युद्ध को शुरू से लेकर अंत तक देखने की इच्छा रखता है। भगवान ने बर्बरीक की इच्छा पूरी कि, सुदर्शन चक्र से बर्बरीक का सिर काटकर सिर पर अमृत का छिड़काव कर दिया और एक पहाड़ी के ऊंचे टीले पर रख दिया। यहां से बर्बरीक के सिर ने पूरा युद्ध देखा।

युद्ध समाप्त होने के बाद जब पाण्डवों में यह विवाद होने लगा कि किसका योगदान अधिक है तब श्री कृष्ण ने कहा कि इसका निर्णय बर्बरीक करेगा जिसने पूरा युद्ध देखा है। बर्बरीक ने कहा कि इस युद्ध में सबसे बड़ी भूमिका श्री कृष्ण की है। पूरे युद्ध भूमि में मैंने सुदर्शन चक्र को घूमते देखा। श्री कृष्ण ही युद्ध कर रहे थे और श्री कृष्ण ही सेना का संहार कर रहे थे।



# हनुमान जी ने ऐसा क्या चुरा लिया कि नफरत करने लगे लोग

कलियुग में ईश्वर के प्रतिनिधि के तौर पर हनुमान जी पृथ्वी पर देह सहित मौजूद हैं। इसलिए मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान मंदिर में लोगों की लंबी कतार लगती है और लोग अपनी-अपनी मुरादें हनुमान जी को सुनाते हैं।

लेकिन एक स्थान ऐसा है जहां के लोग हनुमान जी पूजा नहीं करते हैं बल्कि इनके हृदय में हनुमान जी के प्रति नफरत की भावना है। सारा देश भगवान श्री कृष्ण को माखन चोर कहता हैं लेकिन यहां लोग हनुमान जी को चोर कहते हैं, वह भी पहाड़ का चोर। हनुमान जी यह नफरत आज की नहीं है बल्कि उस समय से है जब मेघनाद के नागपाश में बंधकर राम और लक्ष्मण जी बेहोश हो गये थे। इस समय राम और लक्ष्मण को होश में लाने के लिए सुषेण नामक वैद्य ने हनुमान जी को हिमालय से संजीवनी बूटी लाने के लिए कहा।

हनुमान जी पवन की गति से उड़कर उत्तराखंड के चमोली जिला में स्थित द्रोणगिरी पर्वत पर पहुंचे। द्रोणगिरी पर्वत चमोली जिला के जोशीमठ विकास खंड के अंतर्गत बसा हुआ है। इसी पर्वत की तलहटी में द्रोणागिरी नामक गांव बसा हुआ है।

यहां के लोगों का कहना है कि हनुमान जी जब संजीवनी बूटी लेने आये तब गांव की एक वृद्ध महिला ने हनुमान जी को पर्वत का वह हिस्सा दिखाया जहां संजीवनी बूटी उगती थी। इस बूटी तक पहुंचने का रास्ता भी महिला ने ही दिखाया। हनुमान जी संजीवनी बूटी के बदले पहाड़ का वह हिस्सा ही उखाड़कर ले गये। इसलिए हनुमान ही से इनकी नाराजगी है। हनुमान जी के प्रति नाराजगी का आलम यह है कि, इस गांव में हनुमान जी का नाम लेने वाले और उनकी पूजा करने वाले को बिरादरी से बाहर भी कर दिया जाता है। वैसे इस गांव के लोगों की राम जी से कोई नाराजगी नहीं है। राम की पूजा बड़ी ही श्रद्धा भक्ति से करते हैं। यहां के लोग हर साल द्रोणगिरी की पूजा करते हैं लेकिन इस पूजा में महिलाओं को शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि एक महिला ने ही द्रोणगिरी पर्वत का वह हिस्सा दिखाया था जहां संजीवनी बूटी उगती थी।



एक स्थान ऐसा है जहां के लोग हनुमान जी पूजा नहीं करते हैं बल्कि इनके हृदय में हनुमान जी के प्रति नफरत की भावना है। सारा देश भगवान श्री कृष्ण को माखन चोर कहता हैं लेकिन यहां लोग हनुमान जी को चोर कहते हैं, वह भी पहाड़ का चोर।

# हार्ट अटैक से बचाएगा टमाटर का जूस



## इससे शरीर को मिलते हैं कई फायदे

हाल में हुई रिसर्च बताती है कि रोजाना 1 कप टमाटर का जूस पीने से आप हार्ट अटैक के खतरे को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा टोमैटो जूस के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी दूर हो जाती है।

टमाटर भारत ही नहीं, दुनिया के बहुत सारे देशों में खाया जाने वाला फल है। भारत में आमतौर पर सब्जियों की ग्रेवी बनाने और डिशेज में खट्टापन लाने के लिए टमाटर का प्रयोग किया जाता है। टोमैटो सॉस और केचअप तो आपने भी खूब खाया होगा, मगर क्या आपने टमाटर का जूस पिया है। रसीले टमाटरों का जूस शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। हाल में हुई एक रिसर्च बताती है कि टमाटर का जूस पीने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। ये रिसर्च 'जर्नल ऑफ फूड साइंस एंड न्यूट्रीशन' में छपी गई है।

### बिना नमक के पिएं टमाटर जूस

रिसर्च में बताया गया है कि अगर आप रोजाना 1 कप बिना नमक का टमाटर का जूस पीते हैं, तो आपको हार्ट अटैक आने के खतरे कम हो जाते हैं। दरअसल टमाटर का जूस हाई ब्लड प्रेशर और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल की समस्या को कंट्रोल करने में मदद करता है। ये दोनों ही समस्याएं व्यक्ति के हार्ट (हृदय या दिल) को प्रभावित करती हैं और हार्ट अटैक का कारण बनती हैं।

### कैसे हुई रिसर्च

जापान स्थिति टोक्यो मेडिकल एंड डेंटल यूनिवर्सिटी में हुई इस रिसर्च में लगभग 500 लोगों को शामिल किया गया, जिनमें 184 पुरुष और 297 महिलाएं थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजाना टमाटर का जूस पीने से हाई ब्लड प्रेशर के शिकार 94 लोगों का ब्लड प्रेशर कम हो गया। इनका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 141.2 से 137mmHg और डाईस्टोलिक ब्लड प्रेशर 83.3 से 80.9 mmHg हो गया था। इसके अलावा 125 लोगों में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल (LDL) का स्तर भी घटकर 155 से 149.9 mg/dL हो गया।

### महिलाओं-पुरुषों दोनों के लिए फायदेमंद

**रिसर्च** में पाया गया कि टमाटर का जूस महिलाओं और पुरुषों, दोनों में फायदेमंद होता है। इसलिए कोई भी इसका सेवन कर सकता है। अगर आप जूस नही भी पीते हैं, तो अपने रोजाना के खान-पान में टमाटर को जरूर शामिल करें। सलाद में कच्चे टमाटर खाएं। इसके अलावा सब्जी, ग्रेवी आदि में इसका इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि टोमैटो केचअप और सॉस में बहुत ज्यादा मात्रा में चीनी और प्रिजर्वेटिव्स मिलाए जाते हैं, इसलिए इसका सेवन आपके लिए फायदेमंद नहीं होगा।

### कई अन्य बीमारियों में भी फायदेमंद है टमाटर का जूस

टमाटर का जूस कई अन्य बीमारियों में भी फायदेमंद पाया गया है। टमाटर में फाइबर भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें एक खास तत्व होता है, जिसे नियासिन कहते हैं। नियासिन वाले आहारों का सेवन हृदय के लिए बहुत अच्छा होता है, क्योंकि ये कोलेस्ट्रॉल को घटाता है। इसके अलावा टमाटर में कई एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जिनमें बीटा-कैरोटीन, लाइकोपीन और साइटोन्यूट्रिएंट मुख्य हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर और हार्ट अटैक से बचाने में मदद करते हैं।

# माउथवॉश के प्रयोग से हृदय रोग का खतरा

**आप** हर रोज मुंह की दुर्गंध से बचने के लिए माउथवॉश का प्रयोग करते हैं? अगर हां, तो यह आपके दिल के लिए अच्छा नहीं है। हाल ही में हुए शोध में सामने आया है कि जो लोग हर रोज माउथवॉश का प्रयोग करते हैं उनमें हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। वशेष ब्रांड के एंटीसेप्टिक माउथवॉश पर अध्ययन किया गया था। रिसर्च में पाया गया कि माउथवॉश का दैनिक प्रयोग हार्ट अटैक का खतरा सात प्रतिशत, स्ट्रोक का खतरा 10 प्रतिशत और ब्लड प्रेशर का खतरा 3.5 यूनिट तक बढ़ा देता है। प्रमुख शोधकर्ता अमृता अहलूवालिया की मानें तो, माउथवॉश में मौजूद केमिकल बैड बैक्टीरिया के साथ-साथ गुड बैक्टीरिया को भी मार देते हैं, जिससे यह खतरा और बढ़ जाता है।



लोगों में माउथवॉश का चलन काफी बढ़ गया है। अकसर लोग बिना जरूरत के भी माउथवॉश को अपने रूटीन का हिस्सा बना लेते हैं। बिना आवश्यकता के माउथवॉश का प्रयोग कई बार हमारे लिए परेशानी भी बन सकता है।

बाजार में मुंह और दांत संबंधी कई बीमारी जैसे सांस की बदबू, दांतों में इंफेक्शन, दांतों में प्लाक की समस्या और दांतों की सेंसिटिविटी के लिए माउथवॉश उपलब्ध हैं। इसका इस्तेमाल करते समय हम इससे होने वाले नुकसान के प्रति अनजान ही रहते हैं।

माउथवॉश में कई प्रकार के रसायन होते हैं। यह रसायन हमारे मुंह में फायदे के साथ-साथ कई तरह के नुकसान भी पहुंचाते हैं। बिना वजह माउथवॉश का प्रयोग हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाता है। इससे दांतों की सुंदरता पर भी असर पड़ता है और कई तरह की दिक्कत सामने आ सकती हैं।

## रेसिपी

### नवरतन दाल




**सामग्री**

■ अरहर दाल- 1/4 कप ■ चना दाल- 1/4 कप ■ धुली मूंग दाल- 1/4 कप ■ काली उड़द दाल- 1/4 कप ■ काली मसूर दाल- 1/4 कप ■ धुली मसूर दाल- 1/4 कप ■ राजमा- 1/4 कप ■ अदरक-लहसुन पेस्ट- 2 चम्मच ■ नमक- स्वादानुसार ■ हल्दी पाउडर- 1 चम्मच ■ कटी हुई धनिया पत्ती- 3 चम्मच ■ नीबू का रस- 2 चम्मच ■ घी- 3 चम्मच ■ दालचीनी- 1 टुकड़ा ■ जीरा- 1 चम्मच ■ बारीक कटा प्याज- 1 कप ■ कटी मिर्च- 4 ■ कटी हुई लहसुन की कलियां- 10 ■ कटा टमाटर- 1 कप ■ लाल मिर्च पाउडर- 2 चम्मच

**विधि**

राजमा को धोकर तीन-चार घंटे के लिए पानी में भिगो दें। सभी दालों को धोकर आधे घंटे के लिए पानी में भिगो दें। दाल और राजमा को पानी से निकालकर कुकर में डालें। कुकर में आठ कप पानी, अदरक-लहसुन पेस्ट, नमक और हल्दी पाउडर डालें। कुकर बंद करें और दाल को अच्छी तरह से पकाएं। कुकर का प्रेशर अपने-आप निकलने दें। दाल में नीबू का रस और धनिया पत्ती डालकर मिलाएं। तड़का लगाने के लिए पैन में घी गर्म करें और उसमें दालचीनी और जीरा डालें। कुछ सेकेंड बाद पैन में प्याज डालें। जब प्याज का रंग सुनहरा हो जाए तो पैन में हरी मिर्च, लहसुन और टमाटर डालें। तीन से चार मिनट तक पकाएं। गैस ऑफ करें और पैन में लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। तड़के को दाल में डालकर मिलाएं। गर्मागर्म चावल या मटर पुलाव के साथ सर्व करें।

### बैंगन का रायता



**सामग्री**

■ बैंगन- 200 ग्राम ■ दही- 1 चौथाई टीस्पून ■ हींग – 1 चौथाई टीस्पून ■ काली मिर्च पाउडर- चुटकीभर ■ हरी मिर्च –दो ■ लाल मिर्च पाउडर – 1 चौथाई टीस्पून ■ हल्दी पाउडर- 1 चौथाई टीस्पून ■ चीनी- चुटकीभर ■ नमक – स्वादानुसार ■ करी पत्ता- 3-4 ■ तेल- 3 टीस्पून

**विधि**

बैंगन का रायता बनाने के लिए पैन में तेल गर्म करें। फिर इसमें राई डालकर चटकाएं। फिर इसमें सूखी लाल मिर्च और बैंगन डालकर एक मिनट तक फ्राई करें और थोड़ी देर ढककर पका लें। बैंगन के नर्म होने के बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिला लें। दो मिनट और पकाएं बैंगन को बिल्कुल सॉफ्ट करने के लिए। ठंडा होने पर दही डालें और साथ ही चीनी, नमक, काली मिर्च, भुना जीरा पाउडर। तड़के के लिए पैन में तेल गर्म करें। फिर इसमें करी पत्ता डालें और इसे रायते के ऊपर डाल दें। लंच हो या डिनर कभी भी इसे खाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

## लॉफिंग ज़ोन

राम- क्या तुम्हें पता है, मेरा कुत्ता दस तक गिनती जानता है।

श्याम- हां मालूम है।

राम- तुम्हें यह किसने बताया ?

श्याम- मेरे कुत्ते ने।

▯ ▯ ▯

अध्यापक कक्षा में पढा रहे थे, तभी किसी शरारती छात्र ने सीटी बजा दी।

अध्यापक ने कडककर पूछा- कक्षा में सीटी बजाने की हिम्मत किसने की, रमेश कही तुमने तो नही बजाई ?

रमेश(हडबडाकर)- जी-जी, नही सर, मैं तो सो रहा था।

▯ ▯ ▯

एक पागल(दूसरे से)- अरे तुमने सुना नही एक महिला आकाश में उड रहे वायुयान से नीचे गिर पडी।

दुसरा- हां हां धमाके की आवाज तो मैंने भी सुनी है।


▯ ▯ ▯

डॉक्टर(मरीज से)- कहो, अब तबियत कैसी है ?

मरीज- अब कुछ आराम है, बुखार तो टूट गया बस टांग में दर्द है।


डॉक्टर- घबराओं मत टांग भी टूट जाएगी।

## काकुरो पहेली - 4078




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 4077 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4078



**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 4077



## सूडोकु -4078


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4077 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 4078



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.खानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली 4077 का हल



## एनआईए ने केएनएफ-एमसी उग्रवादी को इंफाल एयरपोर्ट पर किया गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता थोंगमिनथांग हाओकिप उर्फ थांगबोई हाओकिप उर्फ रोजर को इंफाल एयरपोर्ट पर से गिरफ्तार कर लिया। वह कुकी नेशनल फ्रंट-मिलिट्री काउंसिल (केएनएफ-एमसी) का सदस्य है। उसे बीते 19 जुलाई को भी एनआईए ने गिरफ्तार किया था। कुकी और ज़ोमी उग्रवादियों द्वारा साजिश के तहत मणिपुर में हिंसा फैलाए जाने संबंधी एनआईए के पास पुख्ता तथ्य हैं। इन्हें पूर्वोत्तर एवं म्यांमार के कई आतंकवादी संगठनों का समर्थन प्राप्त है। इनका उद्देश्य भारत को अस्थिर करना है। गिरफ्तार उग्रवादी म्यांमार के उग्रवादी समूह कुकी नेशनल फ्रंट-बर्मा (केएनएफ-बी) के संपर्क में भी था, जो मणिपुर को अस्थिर करने और लोगों में भय पैदा करने में सहयोग कर रहा है। वह मणिपुर में जारी हिंसा में इस्तेमाल होने वाले हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक खरीदने के लिए पीडीएफ और केएनएफ-बी के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में रहा है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि राज्य में हुए हमलों में वह शामिल रहा है। उसने कुकी नेशनल फ्रंट-मिलिट्री काउंसिल और यूनाइटेड ट्राइबल वालंटियर्स (यूटीवी) के साथ अपने संपर्क को भी स्वीकार किया। एनआईए को अभियान में लगातार सफलता मिल रही है।

## सुरक्षा आयुक्त करेंगे दोहरीकरण परियोजना का निरीक्षण, रेलवे क्रॉसिंग रहेगी बंद

**महोबा।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के अंतर्गत झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर पटरी दोहरीकरण परियोजना के तहत बिछाई गई लाइन का रेलवे सुरक्षा आयुक्त निरीक्षण करेंगे। इस दौरान झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सूपा रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के उप मुख्य अभियंता शोभ नाथ ने बताया कि हरपालपुर महोबा को जोड़ने वाले राज मार्ग पर चरखारी रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग संख्या 422 पर झांसी मानिकपुर रेलवे दोहरीकरण परियोजना के तहत नई लाइन बिछाई गई है। दोहरीकरण लाइन 9 जून को ट्रेन की आवाजाही के लिए चालू करने के लिए रेलवे सुरक्षा आयुक्त आठ और नौ जून को लाइन का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान सूपा रेलवे क्रॉसिंग बंद रहेगी। 7 जून को समय प्रातः 11 बजे से 09 जून को प्रातः 04.00 बजे तक रेलवे क्रासिंग नं0 422 चरखारी रोड सूपा बंद रहेगी। झांसी मिर्जापुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है अधिकारियों के अनुसार नई रेलवे लाइन बेचने का कार्य चल रहा है नई लाइन बिछाने के बाद रेलवे सुरक्षा आयोग निरीक्षण करेंगे।

## चुनाव में सपा कार्यकर्ताओं को प्रशासनिक अधिकारियों से लड़ना पड़ाः शिवपाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि सपा कार्यकर्ताओं को प्रशासनिक अधिकारियों से लड़ना पड़ा है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रशासनिक चुनौती का कार्यकर्ताओं ने सामना किया।

**अयोध्या में सपा की जीत से कार्यकर्ता बेहद खुश**

शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी की जीत से कार्यकर्ता बेहद खुश हैं। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्त थे और आगे भी हम उन्हें वही मानते रहेंगे। फिर भी अयोध्या की जनता ने हमारा साथ दिया है, इसके लिए सभी अयोध्यावासी को मेरी बधाई है।

**भाजपा के अहंकार को उत्तर प्रदेश ने दिखाया आईना**

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दल ने चार सौ पार का नारा दिया था। इतना अहंकार था, ये अहंकार की हार है। जनता को भ्रमित करना और उनके वोट की मदद से सरकार बनाकर तानाशाही कर रहे थे,इस बार जनता ने उत्तर प्रदेश में उन्हें आईना दिखाया है।

## अपनी ही विधानसभा में बेअसर साबित हुए उप्र सरकार के मंत्री

**लखनऊ।** 18वीं लोकसभा के चुनाव नतीजों में बीजेपी की उम्मीदों को यूपी में तगड़ा झटका लगा। बीजेपी के खाते में 80 में से सिर्फ 33 सीटें ही आई। यूपी में बीजेपी के इस निराशाजनक प्रदर्शन के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के 16 मंत्रियों की विधानसभा में बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके अलावा उप्र सरकार के दो मंत्री जयवीर सिंह और दिनेश प्रताप सिंह चुनाव हार गए हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गृहक्षेत्र कौशांबी में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। सिराथु विस क्षेत्र में भाजपा के पिछड़ने का क्रम जारी रहा। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की कर्मभूमि जालौन में भी कमल मुरझा गया। वह पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी हैं। कुर्मी-पटेल वोटों की राजनीति करने वाली अपना दल (एस) के कोटे से मंत्री बने आशीष पटेल भी सजातीय वोटों को भाजपा के पाले में नहीं लो सके। प्रदेश में बीजेपी के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही अभी पथरदेवा से विधायक हैं और इस विधानसभा में बीजेपी हार गई। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की भोगनीपुर सीट से बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा भोगनीपुर में पिछड़ी और जालौन हार गई। मैनपुरी से चुनाव लड़ रहे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह अपनी मैनपुरी विधानसभा सीट में भी बढ़त हासिल नहीं कर सके।


# योजनाबद्ध था कंगना रानौत का थप्पड़ प्रकरण!

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेत्री कंगना रानौत के साथ चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर हुआ घटनाक्रम योजनाबद्ध था। महिला कांस्टेबल को वहां तैनात होने के कारण इस बात की पहले ही जानकारी थी कि कंगना इस गेट से एंट्री करेगी, जिसके चलते वह वहां पर पहले से ही मौजूद थी। इस बीच महिला कांस्टेबल का समर्थन करके मनोबल बढ़ाने वालों की होड़ लग गई है। दिल्ली जाते समय कंगना रानौत जब चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर स्कैनर से गुजर रही थीं तो तलाशी के दौरान महिला कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद महिला कांस्टेबल को निलंबित करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कुलविंदर कौर नामक महिला कांस्टेबल मूल रूप से कपूरथला की रहने वाली है। करीब छह साल पहले उसकी जम्मू में शादी हुई थी और कुलविंदर कौर का पति भी सीआईएसएफ में ही है। पिछले ढाई साल से उसकी डयूटी चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर है।

कुलविंदर कौर के भाई शेर सिंह





किसान यूनियन से संबद्ध हैं। उसने एक वीडियो जारी करके उसे बहादुर बहन बताया कंगना रानौत के डोप टेस्ट की जांच की। शेर सिंह ने कहा कि कुलविंदर की स्कैनर पर ड्यूटी थी। शेर सिंह ने दावा किया कि कंगना ने जांच के दौरान अभद्रता की और बात बढ़ गई।

कंगना रानौत के घटनाक्रम के बाद पंजाब के कई गायकों और रैपरों ने महज दो घंटे के भीतर गीत जारी कर दिए। उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। पंजाब के मोहाली जिला के एक कारोबारी शिवराज सिंह बैंस ने कुलविंदर कौर को एक लाख रुपये ईनाम देने का ऐलान किया है। कनाडा में बसे पंजाबी रणजीत सिंह ने महिला कांस्टेबल को सम्मानित करने तथा पांच लाख रुपये ईनाम देने का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन के नेता परमदीप सिंह बैदवान ने भी महिला कांस्टेबल को सम्मानित करने का ऐलान किया है।

इस बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने कंगना रानौत द्वारा जारी वीडियो पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कंगना का यह कहना कि पंजाब में आतंकवाद बढ़ रहा है, उनकी बीमार मानसिकता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने भाजपा के प्रमुख नेताओं से अपील है कि वे कंगना को संयम और नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाएं। इस बीच शुक्रवार को पंजाब के कई वकीलों ने वीडियो जारी करके कुलविंदर कौर का केस मुफ्त में लड़ने का ऐलान किया है।

## नागपुर से इंदौर जा रही वंदे भारत ट्रेन से टकराई गाय, बड़ा हादसा टला



**फतेहाबाद।**

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में शाम को नागपुर से इंदौर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। दरअसल, ट्रेन के सामने अचानक एक गाय आ गई और ट्रेन से टकरा गई। हादसे में गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण करने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20912 नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार शाम करीब 7.20 बजे इटारसी से रवाना हुई थी लेकिन नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से डेढ़ किमी पहले यह हादसा हो गया। ट्रेन से टकराने से गाय के दो हिस्से हो गए। इस दौरान चालक ने सूझबूझ दिखात हुए ट्रेन को अचानक ब्रेक लगाकर रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित हैं। ट्रेन के रुकने से यात्री अचंभित रह गए। सूचना मिलते ही रेलवे स्टेशन से आरपीएफ और रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेल अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद ट्रेन को रवाना किया। हादसे के चलते ट्रेन करीब 15 मिनट लेट हो गई।

# दुनियाभर से मोदी को मिल रही शुभकामनाओं का सिलसिला जारी

**पटना।**

**नई दिल्ली।** फ्रांस, ब्राजील,ऑस्ट्रेलिया, भूटान और थाईलैंड सहित अनेक देशों के वैश्विक नेताओं ने गुरुवार को नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन कर उनकी आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई और उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के प्रति शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि भारत और फ्रांस के बीच मजबूत, विश्वसनीय रणनीतिक साझेदारी आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुएगी। दोनों नेताओं ने %क्षितिज 2047% रोडमैप में की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। मोदी ने डी-डे की ऐतिहासिक 80वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति मैक्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों के लिए भी अपनी शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ का भी बधाई-शुभकामनाओं के लिए फ़ोन आया। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा और पिछले साल सितंबर में दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री अल्बानीज़ के साथ अपनी बैठक को गर्मजोशी से याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने आज कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर 18वीं लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री तोबगे ने पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की और उनके सफल तीसरे कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री तोबगे को हार्दिक बधाई के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत भूटान के साथ अपनी अनुकरणीय साझेदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने भूटान और भारत के बीच मैत्री और सहयोग के अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत-भूटान साझेदारी की विशेषता सभी स्तरों पर अत्यधिक विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ से पूरित है। यह मजबूत जन-जन संपर्क और घनिष्ठ आर्थिक एवं विकास साझेदारी से सुदृढ़ होती है।

प्रधानमंत्री मोदी और थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेष्ठा थाविसिन के बीच बहुत गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण टेलीफोन पर वार्ता हुई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने भारत में हाल ही में हुए आम चुनावों में जीत के लिए मोदी को बधाई दी। दोनों प्रधानमंत्रियों ने व्यापार और निवेश, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी, मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने टेलीफोन कर नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। लेयेन ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोदी को आम चुनावों में मिली सफलता के लिए बधाई दी और ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और दुनिया के सबसे बड़े चुनावों के आयोजन की दिल से सराहना की। मोदी ने लेयेन के प्रति उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और साझा मूल्यों, सिद्धांतों पर आधारित भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की 20वीं वर्षगांठ है। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए साझेदारी को और मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने आज से शुरू हो रहे यूरोपीय संसद चुनावों के लिए भी अपनी शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा, फिलीपींस के राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस, तिमोर के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता और एस्टोनिया की प्रधानमंत्री काजा कल्लास ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों में आपके नेतृत्व और बुद्धिमत्ता से भारत-ब्राजील संबंधों को बहुत लाभ हुआ है। मैं हमारी निरंतर मित्रता और सहयोग की आशा करता हूं। साथ ही ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता के लिए बहुत सफलता की कामना करता हूं।

## संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड से तीन लोगों ने की घुसने की कोशिश, गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड दिखाकर तीन लोगों ने घुसने की कोशिश की। तीनों मजदूर हैं। इनके नाम कासिम, शोएब और मोनिस हैं। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। संसद की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने तीनों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना 4 जून दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर संसद भवन के गेट नंबर 3 की बताई जा रही है।



सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर इनके आधार कार्ड देखे तो तो उनको कुछ शक हुआ। इसके बाद आधार कार्डों की जांच की गई तब साफ हुआ कि वह फर्जी हैं। इसके बाद तीनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और बाद में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। बताया गया है कि तीनों मजदूरों को संसद भवन परिसर के भीतर एमपी लाउंज के निर्माण कार्य के लिए रखा गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में दो लोग संसद भवन की दर्शक दीर्घा में कूद गए थे। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस घटना को संसद की सुरक्षा में बड़ी सेंध माना गया था। ताजा घटना फर्जी आधार कार्ड से जुड़ी है।

## तिहासिक भोजशाला में 77वें दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वे

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे गुरुवार को 77वें दिन भी जारी रहा। एएसआई के 12 अधिकारियों की टीम 36 श्रमिकों के साथ सुबह आठ बजे भोजशाला परिसर में पहुंची और शाम पांच बजे बाहर आई। यहां टीम ने आधुनिक उपकरणों के जरिए वैज्ञानिक पद्धति से करीब नौ घंटे काम किया। सर्वे टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी मौजूद रहे। ज्ञानवापी की तर्ज पर चल रहे सर्वे के 77वें दिन एएसआई की टीम ने भोजशाला परिसर में मिट्टी हटाने का काम किया, इस दौरान 11 पाषाण अवशेष मिले हैं। ये सभी ही स्तंभ के टुकड़े हैं। इन अवशेषों को विभाग ने संरक्षित कर लिया है। इसके अलावा टीम ने भोजशाला में उत्तर, दक्षिण और पश्चिमी भाग में सर्वे किया। सर्वे टीम के साथ मौजूद रहे हिन्दू पक्षकार



गोपाल शर्मा ने बताया कि भोजशाला के उत्तर-पश्चिम दिशा से आज 11 छोटे-बड़े अवशेष मिले हैं। इनमें छह बड़े और पांच छोटे अवशेषों पर सनातन धर्म की आकृतियां व कलाकृतियां बनी हैं। ये सभी अवशेष स्तंभ और खम्भों के हैं, जिन्हें एएसआई की टीम ने संरक्षण में लिया है, साथ ही गर्भगृह में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी हुई है, आज दिनभर उत्तर व पश्चिम दिशा से मिट्टी भी हटाई गई है। वहीं, मुस्लिम पक्षकार अब्दुल समद ने कहा कि उत्तर क्षेत्र में लेबलिंग के नाम पर खुदाई अब भी जारी है। आज उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के कोने से मिट्टी हटाई गई है। मॉन्युमेंट के अंदर व दक्षिण क्षेत्र में क्लीनिंग-ब्रशिंग का भी आज काम जारी रहा, पहले जो दीवार निकली थी उनकी आज ड्राइंग भी बनाई गई है।

## देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में होगा शुरू

एजेंसी

**वाराणसी।** अमेरिकी देश बोलीविया एवं मेक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होने जा रहा है। काशीवासी रोप-वे के पहले चरण में वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा कम समय में कर सकेंगे। इसके संचालन से यातायात की समस्या से भी निजात मिलेगी। रोप-वे के निर्माण के लिए स्विटज़रलैंड से लाए गए उपकरण इंस्टाल किए जा रहे हैं। रोप-वे के निर्माण पर 807 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह काम स्विट्जरलैंड की कंपनी बर्थोलेट कर रही है। नेशनल हाई-वे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गौड़ ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर दुनिया भर के पर्यटक आते हैं। हमारी कोशिश है कि देव दीपावली तक रोप-वे का संचालन शुरू हो जाए और काशी आने वाले पर्यटकों को प्रदूषण रहित परिवहन की अच्छी सुविधा मिल सके। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विद्यापीठ स्टेशन पर एंकर बोल्ट स्थापित हो गया है। इसके अलावा कई एक्सेलरेशन और डी एक्सेलरेशन कन्वेयर भी स्थापित हो गए हैं। अब



जल्द ही रोप लगाने का काम शुरू होगा। वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक कुल दो टॉवर इंस्टाल किए जा चुके हैं और 16 टॉवर पर तेजी से काम चल रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तेजी से ज़मीन पर उतार रहे हैं। इससे वाराणसी में ट्रैफिक की समस्या से राहत मिलेगी। रोपवे के संचालन के लिए स्टेशन और टॉवर इंस्टॉल करने का काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही रोपवे का ट्रायल रन होगा। उसके बाद पर्यटक यात्रा कर सकेंगे। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गोंडोला उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे यानी दोनों दिशाओं में एक घंटे में छह हजार यात्रियों का आवागमन होगा। गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने में लगभग 16 मिनट लगेगा। 45 से 50 मीटर की अनुमानित ऊंचाई से क़रीब 150 ट्रॉली कार चलेंगी। एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते हैं। रोपवे का संचालन 16 घंटे होगा। देव दीपावली एक अनूठा त्योहार है जो हर साल वाराणसी में कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है।

## अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में 7 से 9 जून तक

एजेंसी

**सूरत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों में पेपर लीक रोकने और कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित किया जाएगा। केन्द्र और राज्य सरकार से इस संबंध में ठोस और कारगर नीति बनाने की मांग की जाएगी। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं की आधारभूत संरचना, देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर प्रस्ताव लाकर चर्चा-विमर्श किया जाएगा।



अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक 7 से 9 जून तक सूरत के परवत पाटिया स्थित माहेश्वरी भवन में होगी। इसकी जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि परिषद् अपनी स्थापना के 75वें वर्ष पर अमृत वर्ष के तहत शिक्षा क्षेत्र पर व्यापक विमर्श के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सूरत में कर रही है। इसमें देश के दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, हैदराबाद केन्द्रीय विवि, त्रिपुरा केन्द्रीय विवि, आईआईटी, आईआईएम समेत देशभर के शैक्षणिक संस्थाओं के करीब 500 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बैठक के जरिए चार शैक्षणिक और अन्य प्रस्तावों पर विचार-मंथन किया जाएगा और बाद में इसे सर्वसम्मिति से पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभाविप सबसे बड़ा विद्यार्थियों का संगठन है, जिसकी सदस्यता 50 लाख से अधिक है। बैठक में एक साल के काम की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष की कार्ययोजना बनाई जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस में अभाविप के गुजरात प्रदेश के मंत्री समर्थ भट्ट समेत सूरत महानगर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बंगाल के 7 विधायक बन गए सांसद, 3 ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी विधायकों को मैदान में उतारा था। इनमें से 7 विधायक संसद पहुंचे हैं। तीन ऐसे हैं जिन्होंने चुनाव लड़ने से पहले इस्तीफा दे दिया था। इसलिए 10 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे। कूचबिहार लोकसभा सीट पर तृणमूल उम्मीदवार जगदीश चंद्र बसुनिया जीते हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक को हराया है। जगदीश सिताई क्षेत्र से विधायक हैं। सांसद के तौर पर शपथ लेने से पहले उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना होगा। इसके चलते सिताई विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। इस सूची में मदारीहाट भी है। अलीपुरद्वार से भाजपा के मनोज टिग्गा इस विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं। उन्होंने लोकसभा में जीत हासिल की है। परिणामस्वरूप मदारीहाट में भी उपचुनाव होंगे।

बैरकपुर लोकसभा सीट से तृणमूल के लिए जीत हासिल करने वाले राज्य के मंत्री पार्थ भौमिक को भी नैहाटी विधानसभा विधायक पद से इस्तीफा देना होगा। परिणामस्वरूप उपचुनाव होंगे। इसी तरह बांकुरा के तालडांगरा, मेदिनीपुर और उत्तर 24 परगना के हरोआ में छह महीने के भीतर उपचुनाव होंगे। तालडांगरा से विधायक अरूप चक्रवर्ती है। उन्होंने तृणमूल उम्मीदवार के रूप में बांकुड़ा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा जीती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार को हराया है। मेदिनीपुर की विधायक जून मालिया भी तृणमूल के टिकट पर मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जीती हैं। हारोआ से विधायक हाजी नुरुल इस्लाम बशीरहाट में जीते हैं। परिणामस्वरूप, हरोआ में भी उपचुनाव होंगे। लोकसभा चुनाव में हारे तीन विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में भी उपचुनाव होगा जिनमें बागदा, राणाघाट दक्षिण और रायगंज शामिल हैं। 2021 में हुए इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने जीत हासिल की। ये वो भाजपा विधायक थे जो तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें इस लोकसभा चुनाव में तृणमूल ने नामांकित किया था। जिस कारण वे दल-बदल कर लोकसभा के उम्मीदवार बन गये, इससे पहले उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा था। नतीजतन, कृष्णा कल्याणी की रायगंज, विश्वजीत दास की बागदा और मुकुटमणि अधिकारी की रानाघाट दक्षिण सीट पर उपचुनाव होंगे।

# मेरे डीएनए में केवल और केवल भारतीयता है : मनोज

एजेंसी

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सूरत में 07 से 09 जून तक आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के पूर्व हीरा नगरी- सूरत में 'नागरिक सत्कार कार्यक्रम' आयोजित हुआ। इस दौरान अभिनेता मनोज जोशी ने कहा कि मेरी शिक्षा व संगोपन संघ में हुआ है। मेरे डीएनए में केवल और केवल भारतीयता है। मनोज जोशी ने आगे कहा कि आज 06 जून को शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का 350वां वर्ष पूर्ण हुआ है। यह अवसर हम भारतीयों के लिए विशेष है। शिवाजी महाराज ने शून्य से शुरू कर अपना विश्व निर्माण किया तथा उस समय देश में नई ऊर्जा भरी। भारत के मन, संस्कृति, तत्वज्ञान को विस्तार मिले तो इसलिए विद्यार्थी परिषद जैसे संगठन की स्थापना होती है। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्र का निर्माण करना है तो नागरिकों में ज्ञान, शील, एकता के गुण होना चाहिए। विद्यार्थी परिषद का तो यह ध्येय वाक्य है। जब जेएनयू में टुकड़े-टुकड़े गैंग गलत करने पर आमादा हुई तो उनका विद्यार्थी परिषद ने प्रतिकार किया। विद्यार्थी परिषद की ध्येय यात्रा कभी अपने पथ से डिगी नहीं। एक समय अपनी मातृभाषाओं से हमें काटा गया, भारतीय मूल्यों के प्रति हीनभावना रखी गई। मातृभाषा से किसी का अहित नहीं होता, मातृभाषा भूलने से हम अपनी संस्कृति और अपनी मिट्टी को भूल जाते हैं।




**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।

मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

## मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

## हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**



# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

## विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

## ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नही रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नही समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कॅरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

## आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते है, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

## अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

## वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



## यूरो कप 2024 से पहले फ्रांस ने मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराया

मेट्ज़। फ्रांस ने एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपीय चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती प्रदान की। मैच के 43वें मिनट में रैंडल कोलो मुआनी ने किलियन एमबाप्पे के पास पर हेडर के जरिये गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे हाफ में मार्सिले के डिफेंडर जोनाथन क्लॉस ने 70वें मिनट में एक तेज गोल करके अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। एमबाप्पे, जिनके मैड्रिड में शामिल होने की पुष्टि सोमवार को हुई, लक्जमबर्ग के कड़ी मेहनत करने वाले डिफेंडरों के लिए लगातार खतरा बने हुए थे, लेकिन फ्रांस के कप्तान को अपने प्रदर्शन को गोल में बदलने के लिए 85वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एमबाप्पे ने बैडली बारकोला के पास पर बाएं ओर से गेंद पोस्ट में डालकर फ्रांस की बढ़त 3-0 कर दी और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ। फ्रांस की टीम रविवार को बोर्डो में कनाडा से भिड़ेगी और इसके बाद 17 जून को डसेलडोर्फ में ऑस्ट्रिया के खिलाफ यूरो 2024 का अपना पहला मैच खेलेगी।

## भारत के पास न्यूयॉर्क की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने का अनुभव और कौशल: विक्रम राठौर

न्यूयॉर्क। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि भारत के पास नासाउ काउंटी मैदान की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव और कौशल है, जिसकी असमान उछाल ने चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, राठौर ने यह भी माना कि ऐसी परिस्थितियों में टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। टी20 विश्व कप के पहले मैच में आयरलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की जीत के दौरान जोश लिटिल की गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा के दाएं हाथ की बाइसेप पर चोट लगी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऋषभ पंत को भी अपनी नाबाद 36 रन की पारी के दौरान बायीं कोहनी पर चोट लगी थी, जो इस बात का एक और संकेत था कि पिच में असमान उछाल और परिवर्तनशील गति है।

राठौर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम नियंत्रण में रहने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण विकेट था और हम ऐसे विकेट की उम्मीद कर रहे थे क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था, इसलिए, हमें पता था कि क्या उम्मीद करनी है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, हमें इससे निपटने का तरीका खोजने की जरूरत है और हमारी टीम में इससे निपटने के लिए पर्याप्त कौशल और पर्याप्त अनुभव है।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वार्नर

ब्रिजटाउन। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर, फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ऑलराउंडर मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 मैचों में 2,468 टी20आई रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन 1,462 रनों के साथ चौथे और कप्तान मार्श 55 मैचों में 1,446 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रन की साझेदारी भी की, जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67 रन की नाबाद तेज पारी खेली, जिससे टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 164 रन बनाने में सफल रही। जवाब में ओमान की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

## डोडा में आयोजित किया गया दोस्ताना वॉलीबॉल मैच

डोडा। डोडा के गेई के निवासियों की लोकप्रिय मांग पर भारतीय सेना ने खेलो इंडिया के तहत दो स्थानीय टीमों के बीच एक दोस्ताना वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया। दोनों टीमों में विभिन्न जाति, पंथ और धर्म के खिलाड़ी शामिल थे और उन्होंने बहुत ही उच्च स्तर की खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। यह अंत तक एक रोमांचक मैच था। मैच देखने के लिए 40 से अधिक लोग एकत्रित हुए। वॉलीबॉल मैच का उद्देश्य युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस मैच को सभी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा और इस तरह खिलाड़ियों के साथ-साथ निवासियों के बीच भी सौहार्दपूर्ण माहौल बना। भारतीय सेना ने दोनों टीमों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और दोनों टीमों को पुरस्कार वितरित किए। टीम के सदस्यों और निवासियों ने इस आयोजन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस तरह के और अधिक खेल आयोजनों का अनुरोध किया।

# भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार अंदाज में ली विदाई, मीडिया को दिया आखिरी संदेश

एजेंसी
कोलकाता। कुवैत के खिलाफ अपने आखिरी मैच के बाद भारत के सबसे चमकते सितारे भावुक सुनील छेत्री पोस्ट-गेम प्रेस कॉन्फ्रेंस में नज़र नहीं आए। भारतीय कप्तान आखिरी बार एक ऐसे अंदाज़ में विदा लेने में कामयाब रहे, जो सिर्फ़ वही कर सकते थे, जो क्लास से भरा हुआ था। सुनील छेत्री ने मीडिया को एक पत्र के जरिये अपना आखिरी संदेश दिया।

मीडिया को दिये अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले 19 सालों में मुझे आपमें से बहुत से लोगों से कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला है। कई बार ऐसा हुआ जब मुझे अपनी इच्छा से बहुत कम बोलना पड़ा और कई बार ऐसा हुआ जब मैंने आपके सवालों का जवाब लंबे मोनोलॉग के साथ दिया। छेत्री ने अपने पत्र में लिखा, कुछ जवाब निराशा से भरे थे, कुछ जवाब ऐसे थे जो आपकी झुंझलाहट के लिए बहुत ज़्यादा गैर-प्रतिबद्ध थे और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस जो जल्दबाजी में खत्म हो गई। लेकिन इन सबके बावजूद,



मैं यह मानना चाहता हूं कि मैं हमेशा आपके साथ ईमानदार रहा हूं। और मैंने हमेशा आपसे बातचीत करना चुना, भले ही इसके लिए मुझे उन कारणों से सुर्खियों में आने का जोखिम उठाना पड़ा जो मुझे पसंद नहीं थे। भारत और कुवैत के बीच गोल रहित ड्रॉ की निराशा के बावजूद, छेत्री को वह विदाई मिली जिसके वे हकदार थे, साल्ट लेक की भीड़ ने तालियां बजाईं और उस व्यक्ति को नमन किया जिसने भारतीय फुटबॉल को बदल दिया। उन्होंने स्टेडियम में प्रशंसकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने साथियों से गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया, जिसके बाद पिच से बाहर निकलने से पहले नंबर 11 के खिलाड़ी की आँखों में आँसू आ गए।

उन्होंने कहा, मैं इस पत्र और इस अवसर के माध्यम से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं - मेरी कहानी बताने में आपने जो भूमिका निभाई है, उसके लिए धन्यवाद। आपने अपनी गद्य और तस्वीरों के माध्यम से मुझे जो प्यार और प्रशंसा दिखाई है, उसके लिए धन्यवाद। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, उन समयों के लिए धन्यवाद जब आपने मेरे खेलने के तरीके या खुद को प्रस्तुत करने के तरीके का ईमानदारी से आकलन किया है। कुवैत के खिलाफ मैच 39 वर्षीय खिलाड़ी के शानदार राष्ट्रीय करियर का 151वां और अंतिम मैच था और इसे हमेशा प्यार से याद किया जाएगा। अपने पत्र का समापन करते हुए उन्होंने लिखा, आपके पास घर में सबसे अच्छी सीटें थीं और हमेशा रहेंगी। मुझे बस उम्मीद है कि इन 19 सालों में, मैंने उस अनुभव को थोड़ा और खास बना दिया है। शायद मैं एक या दो गेम के लिए आपके डगआउट में शामिल हो जाऊं। आभार के साथ विदा लेते हुए, सुनील छेत्री।

## गाल प्रो टी20 लीग: प्रियंका बाला संभालेंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कमान

एजेंसी
कोलकाता (पश्चिम बंगाल)। कोलकाता में 12 जून से शुरू हो रही बंगाल प्रो टी20 लीग में प्रियंका बाला सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी को लेकर काफी उत्साहित हैं। 11 जून से 28 तक चलने वाली इस रोमांचकारी लीग का महिला चरण 12 जून को साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगा। कप्तानी को लेकर प्रियंका बाला कहती हैं, हालांकि मैं पहले भी टीमों की कप्तानी कर चुकी हूं पर बंगाल प्रो टी 20 लीग एक बड़ा मंच है और सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबलों की तैयारी को लेकर प्रियंका ने कहा कि हम अपनी रणनीति के हिसाब से चल रहे हैं और इसके लिए टीम नेट्स में खूब पसीना भी बहा रही है। टीम अपना पहला मुकाबला 12 जून को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ खेलेगी।

महिला प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहीं प्रियंका कहती हैं, महिला प्रीमियर लीग में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है, वहां मैंने देशी खिलाड़ियों से लेकर विदेशी खिलाड़ियों तक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया और उनसे बहुत कुछ सीखा। जिसका फायदा बंगाल प्रो टी 20 लीग में हमें जरूर मिलेगा वह आगे बताती हैं, हम घरेलू टूर्नामेंट में बंगाल के लिए खेलते हैं, लेकिन बंगाल प्रो टी20 लीग एक बड़ा प्लेटफार्म है, जो नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा। अरीवा स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित बंगाल प्रो टी 20 लीग की नींव आईपीएल की तर्ज पर रखी गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रैंचाइजी टीमें शामिल हैं और इसकी शुरुआत 11 जून से ईडन गार्डन में होगी।

प्रियंका बाला (मार्की खिलाड़ी), बृष्टि माझी, प्रीति मोंडल, जाह्नवी रात पासवान, दिपिता घोष, पम्पा सरकार, समयिता अधिकारी, मल्लिका रॉय, प्रिया पांडे, अभिश्रुति धर, सोहिनी यादव, अंजलि बर्मन, चंद्रिमा घोषाल, मुस्कान सिन्हा, स्निग्धा बैग, श्रीतामा माली।

# भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में जीता रजत पदक

एजेंसी
बुडापेस्ट। भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान अमन सेहरावत ने गुरुवार को हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में रजत पदक जीता। 2023 एशियाई चैंपियन, बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज़ में पुरुषों के 57 किग्रा के फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन और रियो 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता जापान के री हिगुची से 11-1 से हार गए।

हिगुची पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता थे। सहरावत ने क्वार्टर फ़ाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली पर 11-1 से जीत के साथ शुरुआत की। उन्होंने 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आर्यन त्सुरिन को 14-4 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सहरावत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे। पिछले महीने, 20 वर्षीय भारतीय पहलवान ने तुर्की के इस्तांबुल में विश्व ओलंपिक कुश्ती क्वालीफायर के माध्यम से भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा



हासिल किया। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से पेरिस 2024 के लिए कुश्ती में भारत का पहला कोटा हासिल किया था। 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट (50 किग्रा) और अंशु मलिक (57 किग्रा), अगले दो दिनों में बुडापेस्ट रैंकिंग श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगी। चल रहा टूर्नामेंट पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अंतिम कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला है। पहलवान इस मीट में अंक अर्जित करेंगे, जो उनकी रैंकिंग निर्धारित करेगा। रैंकिंग अंततः उन पहलवानों की वरीयता तय करेगी जिन्होंने आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

# टी20 विश्वकप: फिर उलटफेर का शिकार हुई पाकिस्तान, इस बार यूएसए ने दी पटखनी

एजेंसी
टेक्सास (अमेरिका)। टी20 विश्व कप में एक बार फिर पाकिस्तान की टीम उलटफेर का शिकार हुई है। इस बार मेजबान टीम यूएसए ने सुपर ओवर में 5 रन से पाकिस्तान को मात दी है। पाकिस्तान की ओर से बनाए 159 रन के स्कोर की बराबरी करने के बाद यूएसए ने सुपर ओवर में 17 रन बनाए। जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम एक विकेट के नुकसान पर 13 रन ही बना सकी। इस तरह यूएसए ने पांच रन से मैच अपने नाम किया।

इससे पहले, पाकिस्तान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 159 रन बनाए। पाक टीम के लिए कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। हालांकि बाबर की यह पारी काफी धीमी रही। इसके बाद शादाब खान (25 गेंद में 40 रन) और शाहिन शाह आफरीदी (16 गेंद में 23 रन) ने तेज गति से रन बनाते हुए टीम को 159 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यूएसए के लिए नेस्तुश कनिन्जे ने 3 और सौरभ नेत्रवल्कर ने 2 विकेट झटके। जबकि अली खान और जसदीप सिंह को एक-एक सफलता



मिली वहीं, पाकिस्तान के दिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएसए टीम के बल्लेबाजों ने सधी शुरुआत की। यूएसए को पहला झटका 36 के योग पर लगा जब ओपनर स्टीवन टेलर 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए कप्तान मोनांक पटेल (50 रन) ने एंड्रयू गस (35 रन) के साथ मिलकर 68 रन की साझेदारी की और टीम को जीत की राह पर ला दिया।। तभी गस और मोनांक एक के बाद एक ओवर में आउट हो गए। तब टीम को जीत के लिए 49 रनों की जरूरत थी। हालांकि एरोन जोंस (36 रन) और नीतीश कुमार (14 रन) के ने दमदार बल्लेबाजी की लेकर टीम के लिए जरूरी 160 रन से एक कदम पीछे रह गए। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद सुपर ओवर खेला गया, जिससे यूएसए ने जीत दर्ज की। पाकिस्तान के लिए मो. आमिर, हरीश राऊफ और नसीम शाह को एक-एक विकेट मिला।

# न्यूयॉर्क पिचों की गुणवत्ता सुधारने के लिए काम कर रहा है आईसीसी

एजेंसी
नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक उपयोग की गई दो पिचें घटिया स्तर की हैं और वे इस स्थल पर शेष टी-20 विश्व कप मैचों के लिए इस समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत और आयरलैंड के बीच अत्यंत कठिन विकेट पर रुप मैच खेले जाने के एक दिन बाद गुरुवार को आईसीसी ने एक बयान में कहा, नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब तक उपयोग की गई पिचें उतनी निरंतरता से नहीं खेली गई हैं, जितनी हम चाहते थे। विश्व स्तरीय मैदानों की टीम भारत-



आयरलैंड मैच के समापन के बाद से स्थिति को सुधारने और शेष मैचों के लिए सर्वोत्तम संभव सतह प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। न्यूयॉर्क के नए स्थल पर पहला मैच - जो पार्क की भूमि पर पांच महीने की अवधि में बनाया गया एक पॉप-अप क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें फ्लोरिडा में ड्रॉप-इन पिचें बनाई गई थीं और वहां लाई गई थीं - 3 जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला गया था। श्रीलंका की टीम पिच नंबर 1 पर 77 रन पर आउट हो गई, और दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य 16.2 ओवर में हासिल कर लिया।

5 जून को भारत ने पिच नंबर 4 पर आयरलैंड को 96 रनों पर आउट कर दिया, और हालांकि उन्होंने आठ विकेट से जीत हासिल की, लेकिन उनके दो बल्लेबाजों - रोहित शर्मा और ऋषभ पंत - को शरीर पर चोटें आईं। रोहित को हाथ पर चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को भी जसप्रीत बुमराह की तेज बाउंसर से उंगली पर चोट लगी। भारत-आयरलैंड मैच के बाद, कई पूर्व क्रिकेटरों ने पिच की कड़ी आलोचना की। पिच नंबर 2 और 3 का अभी तक खेलों के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया है और यह देखा गया है कि इनमें से एक सतह से घास काट दी गई है। न्यूयॉर्क के इस मैदान पर छह और रुप गेम होने हैं, जिसमें 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान का मैच भी शामिल है।

## मशहूर खिलाड़ी नबी ने कहा- सुनील छेत्री का रिकॉर्ड तोड़ पाना मुश्किल

एजेंसी
कोलकाता। भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को कोलकाता में सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं, उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा कि उन्होंने (छेत्री) जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

उन्होंने कहा कि आईएम विजयन की जगह बाईचुंग भूटिया ने ली थी एवं भूटिया की जगह छेत्री ने ली थी। छेत्री की जगह भी कोई खिलाड़ी ले लेगा लेकिन उनका रिकॉर्ड क्या शानदार है। छेत्री और नबी ने भारत की तरफ से कई मैच एक साथ खेले हैं। कोलकाता में हुए,



कुवैत के खिलाफ मैच सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच रहा है। सुनील छेत्री ने सन्यास की घोषणा पहले ही कर दी थी।

# भारत के लिए अंतिम मैच खेलने के बाद खेल जगत ने सुनील छेत्री को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी
कोलकाता। विश्व कप क्वालीफिकेशन मैच में भारत के लिए सुनील छेत्री के अंतिम मैच के बाद, भारतीय खेल जगत ने उन्हें उनके शानदार करियर और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने ब्लू टाइगर्स के कप्तान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के सच्चे दिग्गज हैं। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान में अपने पेशेवर फुटबॉल सफर की शुरुआत की। छेत्री ने भारत को 2007, 2009 और 2012 नेहरू कप, साथ ही 2011, 2015, 2021 और 2023 सैफ चैंपियनशिप जीतने में मदद की। उन्होंने 2008 एएफसी चैलेंज कप में भी भारत को जीत दिलाई, जिसने भारत को 27 वर्षों में अपने पहले एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की। 39 वर्षीय छेत्री द्वारा ब्लू टाइगर्स के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद ऋषभ पंत ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पंत ने एक्स पर लिखा, खेल के सच्चे दिग्गज! आपको शुभकामनाएं सुनील छेत्री




भाई। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि छेत्री ने भारतीय ध्वज को ऊंचा रखा और 39 वर्षीय खिलाड़ी को उनके शानदार करियर के लिए बधाई भी दी। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, कोई भी लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। 94 अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को तो छोड़ ही दीजिए। आपने झंडा ऊंचा रखा है, सुनील छेत्री। शानदार करियर के लिए बधाई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कहा कि सुनील छेत्री देश के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं और एक अविस्मरणीय विरासत छोड़ गए हैं। केकेआर ने एक्स पर पोस्ट किया, 19 साल। 94 गोल। 151 मैच। देश को प्रेरित करने और मैदान पर एक अविस्मरणीय विरासत छोड़ने के लिए सुनील छेत्री को धन्यवाद। कोलकाता में आपके अंतिम मैच की मेजबानी करना सम्मान की बात थी। आप हमेशा हमारे हीरो रहेंगे! एक अविश्वसनीय करियर के लिए शुभकामनाएं।

कुवैत के खिलाफ मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ब्लू टाइगर्स ने खेल के पहले हाफ में कई मौके बनाए लेकिन कप्तान सुनील छेत्री के अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत हासिल करने के लिए गोल करने में विफल रहे। इस बीच, दूसरे हाफ में कुवैत की टीम ने खेल में वापसी की लेकिन भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू गोलपोस्ट के नीचे खड़े होकर उन्हें रोकने में सफल रहे। दूसरे हाफ में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री हेडर से भारत को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। कई मौके बनाने के बाद भी ब्लू टाइगर्स गोल करने में विफल रहे और सुनील छेत्री का विदाई मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ।

# भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 सितंबर से होगा शुरू, महिला चैलेंजर ट्रॉफी की वापसी

एजेंसी
नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 के लिए कैलेंडर की घोषणा कर दी है, जिसमें दलीप ट्रॉफी सबसे पहले 5 सितंबर से अनंतपुर में शुरू होगी। जैसा कि पहले बताया गया था, रणजी ट्रॉफी अब दो चरणों में खेली जाएगी, जिसमें सफेद गेंद की प्रतियोगिताओं के लिए एक विंडो दी गई है।

बीसीसीआई की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, रणजी ट्रॉफी का फाइनल मार्च 2025 में होना तय है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने यह भी खुलासा किया है कि वे सीके नायडू ट्रॉफी (अंडर-23 क्रिकेट) में एक नई अंक प्रणाली का परीक्षण करेंगे। इसमें पहली पारी में बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल के लिए अंक दिए जाएंगे, साथ ही पहली पारी में बढ़त हासिल करने या पूरी जीत हासिल करने के लिए अंक दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने यह भी कहा कि मूल्यांकन के बाद इसे रणजी ट्रॉफी में भी



भी शामिल किया जा सकता है। टूर्नामेंट में टॉस की व्यवस्था भी समाप्त कर दी जाएगी और मेहमान टीम को यह चुनने का मौका मिलेगा कि वे क्या करना चाहते हैं। सैयद मुश्ताक अली (टी20 टूर्नामेंट) अब नवंबर और दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जिसके ठीक बाद विजय हजारे ट्रॉफी होगी जो दिसंबर में शुरू होगी और रणजी ट्रॉफी के फिर से शुरू होने से पहले जनवरी में समाप्त होगी।

बयान में कहा गया है, खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए मैचों के बीच एक लंबा अंतराल शामिल किया गया है, जिससे रिकवरी और निरंतर शीर्ष प्रदर्शन के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित हो सके।

**महिलाओं के लिए चैलेंजर ट्रॉफी की वापसी**

महिला क्रिकेट के लिए, चैलेंजर ट्रॉफी, जिसमें चयनकर्ताओं द्वारा टीमों का चयन किया जाता है, एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त है। चैलेंजर ट्रॉफी आखिरी बार 2021-22 में वनडे प्रारूप में और 2022-23 में टी20 प्रारूप में खेली गई थी। 2023-24 में क्षेत्रीय प्रारूप में फिर से शुरू किया गया बहु-दिवसीय टूर्नामेंट अब चैलेंजर ट्रॉफी के रूप में खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने कहा, वन-डे, टी20 और बहु-दिवसीय प्रारूपों में फैले सभी महिला चैलेंजर टूर्नामेंट में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा चुनी गई टीमें शामिल होंगी।

# 'हमारे कोर ग्रुप में...', पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले हार्दिक ने भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की

न्यूयार्क। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में काफी अनुभव और ईमानदारी है तथा उन्हें विश्वास है कि टी20 विश्व कप में वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। भारत ने बुधवार को आयरलैंड को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

**हार्दिक ने कही यह बात**

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी से कहा- हमें आज बताया गया कि हमारी टीम के पास कुल 892 टी20 मैच खेलने का अनुभव है जो बहुत अधिक है। हमारे गेंदबाजी कोर ग्रुप में काफी अनुभव और काफी ईमानदारी है। हमें आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान विकेट से भी काफी मदद मिली।

**सकारात्मक शुरुआत से खुश हैं हार्दिक**

हार्दिक ने कहा कि टीम टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करके काफी खुश है। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह से शुरुआत की है उससे हम बहुत खुश हैं। लय हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि एक बार टूर्नामेंट शुरू होने के बाद यह आगे बनी रहती है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं और आपको उसके कारण सफलता मिलती है तो बहुत अच्छा लगता है। इसके अलावा यहां खेलना भी काफी रोमांचक है।

**हार्दिक ने मेहनत पर दिया यह बयान**

मैच के बाद टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा की हार्दिक मैच में चार ओवर करने के लिए तैयार थे तथा लगातार चोटों से परेशान रहे इस 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि वह अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं। हार्दिक ने कहा, जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं उनके लिए सब कुछ अनुकूल हो जाता है। खुद पर भरोसा रखना और अपनी क्षमता की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप जानते हैं कि 30 वर्ष के हार्दिक का काम 60 वर्ष के हार्दिक से कहीं ज्यादा आसान है। हार्दिक का ध्यान पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच पर टिका है। हार्दिक ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच मैच बेहद रोमांचक होता है। इसमें बहुत सारा उत्साह और भावनाएं जुड़ी होती हैं।

# 'गुम है किसी के प्यार' में नहीं नजर आएगी सवी, शक्ति अरोड़ा के बाद भाविका शर्मा ने भी छोड़ा शो



टीआरपी की रेस में रुपाली गांगुली के अनुपमा को कड़ी टक्कर देने वाले टीवी सीरियल 'गुम है किसी के प्यार' में जल्द ही 10 साल का लीप आने वाला है. इस लीप के चलते मेकर्स ने पहले ही ईशान भोसले का किरदार निभाने वाले शक्ति अरोड़ा और उनके ऑनस्क्रीन परिवार को शो से बाहर करने का फैसला लिया है. अब सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 'सवी' का किरदार निभाने वालीं एक्ट्रेस भाविका शर्मा ने भी शो छोड़ने का मन बना लिया है. इतना ही नहीं मेकर्स की तरफ से शो के लिए नई लीड एक्ट्रेस की खोज भी शुरू की गई है.जानकारी के मुताबिक, भाविका 10 साल के लीप के बाद बड़ी उम्र की सवी का किरदार निभाने में कम्फर्टेबल नहीं थीं, और इस वजह से उन्होंने इस शो को क्विट करने का फैसला लिया. वो फिलहाल एक महीने के नोटिस पीरियड में हैं. और एक महीने के बाद उनके किरदार को नई एक्ट्रेस से रिप्लेस किया जाएगा. फिलहाल आस्था शर्मा और ऋचा राठोड



को मेकर्स ने बड़ी सवी के किरदार के लिए अप्रोच किया है. लेकिन अब तक किसी भी एक्ट्रेस को इस किरदार के लिए फाइनलाइज नहीं किया गया है.

**जानें कैसे होगी शक्ति अरोड़ा की एग्जिट**

भले ही भाविका शर्मा एक महीने के नोटिस पीरियड पर हो, लेकिन ईशान यानी शक्ति अरोड़ा का किरदार आने वाले कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा. मेकर्स उनके किरदार की एंडिंग भी प्लान कर चुके हैं. ईशान और उनका पूरा परिवार बम ब्लास्ट में मारा जाएगा. और फिर शो में हितेश भारद्वाज की एंट्री होगी. 'कुंडली भाग्य', 'सिलसिला बदलते रिश्तों का' जैसे कई टीवी सीरियल में अपना कमाल दिखाने वाले शक्ति अरोड़ा उनके किरदार के अचानक खत्म होने से खुश नहीं हैं. लेकिन प्रोडक्शन से जुड़े सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक ईशान और सवी की कहानी को मिल रहे ठंडे रिस्पॉन्स के चलते प्रोडक्शन ने शो में लीप लाने का फैसला लिया है.

## बॉयफ्रेंड शगुन पांडे के सेट पर किए हंगामे की वजह से आया था पैनिक अटैक? सुमित सिंह ने बताई सच्चाई




स्टार प्लस का सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' इन दिनों खूब चर्चा में हैं. इस शो में आने वाला लीप, एक्टर्स की सीरियल के प्रोड्यूसर के लिए नाराजगी के बीच अब इस सेट से एक और खबर वायरल हो रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 'गुम है किसी के प्यार में' की एक्ट्रेस सुमित सिंह कलर्स टीवी के 'बलम थानेदार' में प्रमुख भूमिका निभा रहे एक्टर शगुन पांडे को डेट कर रही हैं. कुछ दिन पहले गुस्से से लाल शगुन अपनी कथित गर्लफ्रेंड सुमति सिंह के सेट पर आए थे. एक्ट्रेस के मेकअप रूम में दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ. दोनों के बीच हुए झगड़े के दौरान सुमित सिंह को पैनिक अटैक आया और इस वजह से सीरियल की शूटिंग दो घंटे के लिए रोक दी गई. अब इस पूरे मामले को लेकर सुमित सिंह ने बात की है.जानकारी के मुताबिक, सीरियल 'गुम है किसी के प्यार' में काम करने वाले एक एक्टर के साथ सुमित की बढ़ती नजदीकियां शगुन को पसंद नहीं थीं और इसलिए उन्होंने शो के सेट पर आकर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ झगड़ा किया. लेकिन सुमित सिंह की मानें तो इन खबरों में कोई भी सच्चाई नहीं है. सुमित ने कहा कि शगुन उनके बॉयफ्रेंड नहीं बल्कि फैमिली फ्रेंड हैं, और उनकी तबीयत खराब होने की वजह से वो उनका हालचाल पूछने सेट पर आए थे. साथ ही सुमित ने दो घंटे के लिए शूटिंग रुकने की खबर को भी झूठ बताया है.

**नहीं हुआ कोई हंगामा**

सुमित का कहना है कि अचानक तबियत बिगड़ने की वजह से उन्होंने खुद शगुन को अपने सेट पर बुलाया था और जैसे ही उनके प्रोडक्शन हाउस को सुमित के बीमार होने की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत उन्हें छुट्टी भी दे दी थी. दोनों की वजह से न ही सेट पर कोई हंगामा हुआ और न ही सीरियल की शूटिंग रुकी. हालांकि इस पूरे मामले को लेकर शगुन पांडे की तरफ से अब तक कोई जवाब नहीं आया है.

## सबके सामने गंदगी धोने की आदत नहीं...हीरामंडी एक्ट्रेस पर भड़के आमिर अली, तलाक पर दिया था बयान



आमिर अली और संजीदा शेख ने साल 2012 में एक दूसरे से शादी की थी. दोनों की जोड़ी को लोगों ने खूब प्यार दिया. आमिर और संजीदा की एक बेटी भी है. उनकी बेटी के जन्म के कुछ महीने बाद ही इन दोनों ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला लिया. तलाक के बाद दोनों ने किसी भी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर अपने तलाक को लेकर खुलकर बात नहीं की थी. आमिर और संजीदा की तरफ से हमेशा से ये कहा गया था कि वे अपनी निजी जिंदगी के इस हिस्से के बारे में बात नहीं करना चाहते. लेकिन 'हीरामंडी' रिलीज होने के बाद एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू में संजीदा शेख ने उनके रिश्ते को लेकर कुछ ऐसी बातें कह डालीं, जो आमिर को बिलकुल भी पसंद नहीं आई.संजीदा शेख ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में अपने तलाक पर बात करते हुए कहा था कि उन्हें खुशी है कि वो उस रिश्ते से बाहर आ गईं. उस समय वो



डिप्रेशन में थी. वो ऐसे पार्टनर के साथ नहीं रहना चाहती थीं, जो उन्हें बार-बार ये एहसास दिलाए कि वो जिंदगी में कुछ कर नहीं सकतीं. इस रवैये की वजह से उनका आत्मविश्वास कम होता जा रहा था और इसलिए उन्होंने फैसला लिया कि ऐसे साथी के साथ वो नहीं रहना चाहतीं. उन्हें अलग होना चाहिए.

**जानें क्या बोले आमिर अली**

अब आमिर अली ने इस पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा है. आमिर ने एक पोर्टल को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें सब के सामने सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर गंदगी धोने की आदत नहीं है. वो किसी को नीचा नहीं दिखाना चाहते, खासकर उन्हें जिनके साथ वो कभी रिश्ते में रहे हों, क्योंकि ये उनकी क्लास नहीं है. साथ ही संजीदा के स्टेटमेंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वो लगभग 5 सालों से एक दूसरे के साथ नहीं रह रहे हैं. हो सकता है कि इस इंटरव्यू में संजीदा किसी और रिश्ते की बात कर रही हों, जो उनकी जिंदगी में आमिर से अलग होने के बाद आया हो.

## छीन ली आजादी... नेहा शर्मा ने पैपराजी पर निकाली भड़ास, बॉडी एंगल की तस्वीरों को लेकर जताई आपत्ति



बी टाउन की फेमस एक्ट्रेस के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें नेहा शर्मा भी जरूर शामिल रहेंगी। अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म क्रूक से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वालीं नेहा किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं।

अक्सर देखा जाता है कि किसी न किसी वजह से उनका नाम सुर्खियां बटोरता रहता है। इस बीच नेहा शर्मा ने पैपराजी को लेकर अपनी भड़ास निकाली है। जिस तरह से वह सेलेब्स की तस्वीरें क्लिक करते हैं और उनमें जो एंगल रहते हैं। उस पर अभिनेत्री ने आपत्ति जताई है, आइए जानते हैं कि नेहा क्या कहा है।

**पैपराजी के काम पर नेहा जताई आपत्ति**

मौजूदा समय में ये मामला काफी तूल पकड़ रहा है कि पैपराजी एक्ट्रेसेज की अलग-अलग एंगल से तस्वीरें क्लिक करते हैं, जिसे देख कर अभिनेत्रियों को खुद शर्मिंदगी महसूस होती है। इस पर नोरा फतेही जैसी अदाकारा नाराजगी जता चुकी हैं। अब इस मामले पर नेहा शर्मा ने भी अपनी राय रखी है। इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान नेहा ने कहा है- एक वक्त ऐसा भी होता है, जब आप चाहते हैं कि लोग आपको न देखें और इसके लिए आप ब्रेक लेते हैं, जोकि हाल में मैंने लिया। आप अपने पसंद के कपड़ों को पहनने की आजादी खो देते हैं, जब अनावश्यक एंगल से आपकी तस्वीरें क्लिक की जाती हैं।

एक्ट्रेसेज इस मामले में बिल्कुल सहज नहीं हो पाती हैं। पता नहीं किस दिशा से कौन से एंगल के साथ फोटो क्लिक की जाए। जब आप लोगों की नजरों में रहते हैं तो उस वक्त आपको और अधिक सावधान रहने की जरूरत होती है। हालांकि हम ये भी जानते हैं कि इन कैमरा पर्सन का घर भी फोटो और वीडियो को क्लिक करने चलता है। जिसके लिए ये लोग कड़ी धूप में मेहनत करते हैं।

**इस वेब सीरीज में दिखीं नेहा**

हाल ही में नेहा शर्मा ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा की पॉपुलर वेब सीरीज इलीगल सीजन 3 में नजर आई हैं। इस सीरीज में एडवोकेट निहारिका के किरदार में एक बार फिर से उन्होंने शानदार अदाकारी की छाप छोड़ी है।